दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 236
कोटद्वार शुक्रवार
30 दिसम्बर 2022, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

# मुख्यमंत्री ने 31 करोड़ की लागत से बने शूटिंग रेंज का किया लोकार्पण

## राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ-2022 का किया शुभारंभ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने गुरूवार को महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, रायपुर, देहरादून में राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ-2022 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने 31 करोड़ की लागत से बने शूटिंग रेंज का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने राज्य के अन्तरराष्ट्रीय खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को नकद पुरस्कार धनराशि प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित की जाने वाली खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों को भोजन के लिए दी जाने वाली धनराशि 150 रूपये से बढ़ाकर 225 रूपये की जायेगी। न्याय पंचायत स्तर पर आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को क्रमशः 300 रूपये, 200 रूपये एवं 150 रूपये की धनराशि दी जायेगी। विकासखण्ड स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को क्रमशः 500 रुपये, 400 रुपये एवं 300 रुपये की धनराशि दी जायेगी। जनपद स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को क्रमशः 800 रुपये, 600 रुपये एवं 400 रुपये की धनराशि दी जायेगी। राज्य स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को क्रमशः 1500 रूपये, 1000 रूपये एवं 700 रुपये की धनराशि दी जायेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य स्तर पर आयोजित होने वाला यह खेल महाकुंभ उत्तराखण्ड के युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करेगा। पहले पंचायत स्तर पर फिर ब्लॉक स्तर पर फिर जिला स्तर पर खेलने के पश्चात खिलाड़ी यहां पर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि यह युवाओं की प्रतिभा का ही कमाल है कि, आज विश्व पटल पर नए भारत का मान बढ़ रहा है। आज हमारे युवा खिलाड़ियों द्वारा विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के सामर्थ्य का परिचय कराया जा रहा है।



राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ-2022 का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस खेल महाकुंभ का उद्देश्य खिलाड़ियों को आगामी 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए भी तैयार करना है। 38वें राष्ट्रीय खेल की मेजबानी उत्तराखण्ड करेगा। जिससे राज्य के युवाओं को अपनी प्रतिभा को दिखाने का मौका मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार उत्तराखंड को "सर्वश्रेष्ठ उत्तराखण्ड" बनाने हेतु प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

राज्य सरकार सरकार युवाओं को बेहतर शिक्षा और बेहतर खेल सुविधायें प्रदान करने के लिए कृत संकल्पित है। नई खेल नीति बनाकर युवा खिलाड़ियों का भी ध्यान रखने का कार्य किया है।

नई खेल नीति में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने के प्रयास किये गये हैं। खिलाड़ियों के लिए नौकरियों में खेल कोटा भी पुनः प्रारंभ करने का निर्णय लिया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस खेल महाकुंभ में प्रतिभाग कर रहे हमारे युवा खिलाड़ी भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्तराखण्ड व देश का नाम रोशन करेंगे।

खेल मंत्री श्रीमती रेखा आर्या ने कहा कि अब समाज में खेल एवं खिलाड़ियों के प्रति सोच में बड़ा परिवर्तन हुआ है। खेलों से भी उपलब्धि हासिल की जा सकती है, जैसे शिक्षा के माध्यम से की जा सकती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य में खेलों को तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है। न्याय पंचायत स्तर से राज्य स्तर तक खेल प्रतिभाओं को आगे लाया जा रहा है। मुख्यमंत्री उत्कृष्ट खिलाड़ी उन्नयन योजना से खिलाड़ी लाभान्वित हो रहे हैं। 2024 में उत्तराखण्ड में होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारी तेजी से चल रही है। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख रायपुर श्रीमती ममता देवी, खेल निदेशक जितेन्द्र कुमार सोनकर, अपर निदेशक राकेश चन्द्र डिमरी, खेल विभाग के अन्य अधिकारी एवं खिलाड़ी उपस्थित थे।

## होटल बुकिंग वाले पर्यटक ही जा सकेंगे नैनीताल और मसूरी

**देहरादून।** डीजीपी अशोक कुमार ने जश्न के नाम पर हुड़दंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। डीजीपी ने कहा कि पर्यटकों के साथ मित्र पुलिस की तरह व्यवहार करें, लेकिन हुड़दंगियों के खिलाफ सख्ती कार्रवाई करें। पुलिस मुख्यालय में गुरुवार को डीजीपी ने थर्टी फर्स्ट और नए साल को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। इसमें देहरादून, पौड़ी, टिहरी, नैनीताल के अधिकारियों के साथ यातायात व्यवस्था के संबंध में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि नए साल के जश्न के लिए पर्यटक उत्तराखंड पहुंच रहे हैं। पर्यटकों और स्थानीय लोगों की सुविधा के अनुसार ट्रैफिक प्लान बनाएं। भीड़ को देखते हुए पहले ही अतिरिक्तपार्किंग स्थल, रूट डायवर्जन की तैयारी कर लें। आमजन को इसकी समय से सूचना दें, ताकि यातायात व्यवस्था बनी रहे और जनता को असुविधा न हो। बैठक में तय हुआ कि नैनीताल और मसूरी में वही पर्यटक जा सकेंगे, जिनके पास होटल की बुकिंग होगी।

## 30-31 दिसंबर को पर्यटक काशीपुर होकर नहीं जा पाएंगे रामनगर-नैनीताल

**काशीपुर।** नए साल को लेकर नैनीताल और रामनगर जश्न मनाने जाने वाले पर्यटकों के लिये यातायात पुलिस ने रूट प्लान तैयार किया है। जिसके चलते बाहर से आने वाले पर्यटक काशीपुर होते हुए नैनीताल और रामनगर नहीं जा सकेंगे। जारी रूट चार्ट में 30 व 31 दिसंबर को देहरादून हरिद्वार से आने वाले वाहन वाया बाजपुर, बरहैनी, नयागांव, कालाढूंगी से नैनीताल को जाएंगे।

मुरादाबाद से आने वाले वाहन केवीआर से हाइवे होते हुए वाया बाजपुर, बरहैनी, नयागांव, कालाढूंगी होते हुए नैनीताल पहुंचेंगे। वहीं, पैगा अलीगंज रोड से आने वाले वाहन फसियापुरा के पास सर्विस लाइन से हाइवे, बाजपुर, दढ़ियाल रोड से आने वाले वाहन सर्विस लाइन से हाइवे पर जाकर बाजपुर, बरहैनी, नयागांव से कालाढूंगी से होते हुए नैनीताल को जाएंगे। रामपुर टांडा से आने वाले वाहन परमानंदपुर सर्विस लाइन से हाइवे पर जाकर बाजपुर बरहैनी, नयागांव कालाढूंगी होकर नैनीताल जाएंगे। जबकि रामनगर के लिये नया गांव, बैलपड़ाव होते हुए जाना पड़ेगा।

## सीबीएसई ने जारी किया बोर्ड परीक्षा कार्यक्रम, इस दिन शुरू होगी 10वीं - 12वीं की परीक्षा

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 2022-23 शैक्षणिक सत्र के लिए कक्षा 10 और कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षा की तारीखों की घोषणा कर दी है।

सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा 2023 15 फरवरी से 21 मार्च के बीच आयोजित की जाएगी, जबकि कक्षा 12 बोर्ड परीक्षा 15 फरवरी से 05 अप्रैल, 2023 तक आयोजित की जाएगी।

## उत्तराखंड के सभी स्कूलों में मास्क पहनना हुआ अनिवार्य

**देहरादून।** उत्तराखंड के शिक्षा महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने कोरोना को लेकर शासन की ओर से जारी एसओपी का स्कूलों में भी पूरी तरह से पालन कराने के निर्देश दिए हैं। उनके आदेश की कड़ी में देहरादून जिले के सीईओ यानी मुख्य शिक्षा अधिकारी ड. मुकुल कुमार सती सहित कई जिलों के सीईओ ने अपने जिलों के सभी सरकारी, निजी और अशासकीय स्कूलों के प्रधानाचार्यों को पत्र जारी कर स्कूलों में आवश्यक तौर पर मास्क पहनने तथा थर्मल स्कैनिंग व सैनिटाइजर की व्यवस्था करने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

## 16 मजदूरों को बंधनमुक्त कराया

**रुड़की।** ईंट भट्टे से 16 मजदूरों को तहसीलदार और पुलिस ने बंधन मुक्त कराकर उनके गांव पहुंचाया है। मजदूरों ने टीम को धन्यवाद किया है। गांव मानकपुर के पास संगम ईट भट्टे पर बंधुआ मजदूरी की शिकायत मिली थी।

थानाध्यक्ष संजीव थपलियाल ने बताया कि संगम ईंट भट्टे पर भट्टा स्वामी की ओर से 16 मजदूरों को बंधक बनाकर काम कराने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने पर तहसीलदार गिरीश चंद्र और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मजदूरों को बंधन मुक्त कराकर उनके गांव कैराना उत्तर प्रदेश पहुंचाया है।

## कलयुगी बाप ने किया रिश्ते को तार-तार, नाबालिग बेटी से किया दुराचार

**विकासनगर** : थाना कालसी क्षेत्र के अंतर्गत एक कलयुगी बाप ने अपनी ही सगी बेटी के साथ दुराचार किया। आरोपी के खिलाफ उसकी पत्नी ने कालसी थाने में तहरीर देकर दुराचार और पॉक्सो ऐक्ट में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के अंतर्गत निवास करने वाली महिला ने कालसी पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में बताया कि वह कालसी क्षेत्र में अपने पति, दो बच्चों के साथ रहती है। महिला ने आरोप लगाया कि उसके पति ने अपनी ही नाबालिग तेरह वर्षीय बेटी के साथ पहले भी दुराचार किया। तब उसने और बच्चों ने लोकलाज के भय तथा पारिवारिक बदनामी के चलते मामले को दबा दिया था। आरोप लगाया कि हाल ही में सात दिन पहले भी पति ने अपनी सगी नाबालिग बेटी के साथ फिर दुराचार किया है। कहा कि आरोपी लगातार अपनी बेटी का शारीरिक शोषण कर रहा है, जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो ऐक्ट व दुराचार का मुकदमा दर्ज कर दिया है। थानाध्यक्ष अशोक राठौर ने बताया कि आरोपी फरार होने की ताक में था। लेकिन मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी पिता को हरिपुर प्रतिक्षालय से गुरुवार सुबह को गिरफ्तार कर दिया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। बताया कि नाबालिग के मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराने के साथ ही मेडिकल कराया जा रहा है। पुलिस की टीम में जांच अधिकारी एसआई हेमा बिष्ट, हेड कांस्टेबल गोपाल ज्ञानसू, सतीश दाहिया आदि शामिल (एजेंसी)

# फर्जी भर्ती सेंटर का भंडाफोड़, महिला समेत चार गिरफ्तार, एक फरार

## आर्मी, पुलिस वर्दी, 90 हजार की नगदी सहित दस्तावेज बरामद, 10 प्रतिशत विभागीय कोटे के नाम पर करते थे धोखाधड़ी

**हरिद्वार** : लकसर क्षेत्र में चलाए जा रहे फर्जी भर्ती सेंटर का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने एक महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लैपटॉप, प्रिन्टर, सीपीयू, फर्जी नियुक्ति प्रमाण पत्र, विभिन्न विभागों की मोहरें, भारी मात्रा में अभ्यर्थियों की शैक्षिक अंकतालिकायें, एक दर्जन से अधिक चैक बुक, पास बुक, 90 हजार रूपए की नकदी, छः मोबाइल फोन, तीर कारे, आर्मी व पुलिस की वर्दी आदि बरामद हुई हैं।

रोशनाबाद स्थित पुलिस कार्यालय में फर्जी भर्ती सेंटर का खुलासा करते हुए एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि सरकारी विभागों में भर्ती के नाम पर बेरोजगारों से लाखों रूपए की ठगी करने वाले गिरोह द्वारा लकसर के ग्राम टिक्कमपुर में फर्जी भर्ती सेंटर चलाया जाने की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चार लोगों विजय नोटियाल पुत्र मीर सिंह, रेणु पुत्री मीर सिंह, नितिन पुत्र चमन निवासी टिक्कमपुर लक्सर व सिद्धार्थ पुत्र नवबहार निवासी धारीवाला पथरी को गिरफ्तार किया है। जबकि अजय नोटियाल पुत्र मीर सिंह निवासी टिक्कमपुर कोतवाली लक्सर फरार है। जिसकी तलाश की जा रही है। एसएसपी ने बताया कि आरोपी सरकार विभागों में 10 प्रतिशत विभागीय भर्ती के नाम पर बेरोजगार युवाओं को ठगने का काम कर रहे थे। गिरोह द्वारा फिल्म स्पेशल 26 की तर्ज पर नामी होटलों में बुलाकर बेरोजगारों का इंटरव्यू लिया जाता था। इंटरव्यू देने के लिए आने वाले बेरोजगारों को बताया जाता था कि 10 प्रतिशत विभागीय कोटे वाले पदों की परीक्षा नहीं होती है। यह पद विभाग द्वारा अलग से भरे जाते हैं। जिससे बेरोजगार युवाओं में भ्रम की स्थिति बनी रहती थी और वे आसानी से इनकी धोखाधड़ी का शिकार हो जाते थे। बेरोजगार युवाओं से नौकरी के नाम पर पांच से दस लाख रूपये लेकर लोक सेवा आयोग तथा अधीनस्थ सेवा चयन आयोग व अन्य सरकारी विभागों के फर्जी नियुक्ति पत्र थमा देते थे। किसी को कोई शक ना हो इसके लिए आर्मी की वर्दी पहने दो गार्ड अपने साथ रखते थे। गाडी को आठ हजार प्रतिमाह वेतन पर रखा गया था। एसएसपी ने बताया कि गिरोह के विरूद्ध जनपद के विभिन्न थानों रुड़की, बहादराबाद, मंगलौर, कलियर आदि में धोखाधड़ी की गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस टीम में एसपी ग्रामीण स्वप्न किशोर सिंह, लकसर कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह, एसएसआई अंकुर शर्मा, एसआई अमित नौटियाल, एसआई गीता चौहान, रूडकी कोतवाली प्रभारी देवेंद्र सिंह, एसएसआई प्रदीप तोमर, एसआई देवेंद्र पाल, सुल्तानपुर चौकी प्रभारी एसआई मनोज नौटियाल, लकसर कस्बा चौकी प्रभारी एसआई नीरज रावत, कांस्टेबल अजीत तोमर, शूरवीर सिंह, हमीद खान, गुलशन नेगी आदि शामिल रहे। (एजेंसी)



## बेकाबू कार पलटी, सवार युवक की मौत

**ऋषिकेश।** हरिद्वार-देहरादून नेशनल हाईवे पर एक बेकाबू कार पलट गई। हादसे में कार सवार युवक जख्मी हो गया। इलाज के दौरान घायल युवक ने एम्स में दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रायवाला पुलिस के मुताबिक बुधवार रात देहरादून से हरिद्वार जा रही एक कार हाईवे पर खांड गांव के पास अनियंत्रित होकर पलट गई।

आसपास के लोगों की सूचना पुलिस मौके पर पहुंची। आपातकालीन 108 सेवा से कार सवार घायल दिनेश शर्मा (45) पुत्र सोहन लाल निवासी खड़खड़ी, हरिद्वार को एम्स में भर्ती कराया। देर रात उपचार के दौरान दिनेश की मौत हो गई। थानाध्यक्ष कुलदीप पंत ने बताया कि पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस बाबत दिनेश के परिजनों को भी सूचित किया गया है। वहीं, घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# केलाखेड़ा पीएचसी गेट पर गर्भवती ने दिया बच्चे को जन्म

**काशीपुर।** केलाखेड़ा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर वीरवार को एक गर्भवती महिला का प्रसव हो गया। परिवार ने आरोप लगाया कि महिला को सीएचसी में उपचार नहीं मिला था। सूचना पर अस्पताल पहुंचे केलाखेड़ा नगर पंचायत अध्यक्ष ने परिजनों और दूसरे लोगों के साथ हंगामा किया और नर्स पर मरीजों का उपचार न करने का आरोप लगाया।

करीब दो घंटे तक लोगों ने हंगामा किया। हंगामा बढ़ता देखकर एसीएमओ और सीएमएस ने परिजनों को समझा बुझाकर मामला शांत कराया। उधर एसीएमओ ने कहा कि इलाज में किसी भी तरह की लापरवाही सामने नहीं आई है। फिर भी लोगों की शिकायत पर स्टाफ नर्स का स्थानांतरण बाजपुर सीएचसी में कर दिया है।

जानकारी के मुताबिक केलाखेड़ा के चिकित्सालय वार्ड निवासी नूरी पत्नी आसिफ गर्भवती थी। प्रसव पीड़ा होने पर 8रू15 बजे सुबह उसे परिवार के लोग पीएचसी लेकर पहुंचे। वहां मौजूद स्टाफ नर्स ने इलाज करने से मना कर दिया। महिला के परिवार के लोगों ने आरोप लगाया कि उनसे अभद्रता की गई और उनको धक्के देकर बाहर निकाल दिया गया। इस पर वह अस्पताल के बाहर आ गए और गेट पर प्रसव हो गया। बच्चे को जन्म दिया। अस्पताल गेट पर प्रसव की सूचना से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। इसकी सूचना जब परिजनों को हुई तो उन्होंने चेयरमैन अकरम पठान को जानकारी दी। इसके बाद चेयरमैन समर्थकों के साथ अस्पताल परिसर पहुंचे। उन्होंने अस्पताल स्टाफ पर मरीजों के उपचार में लापरवाही बरतने, मनमानी का आरोप लगाकर हंगामा काटा और धरना दिया। हंगामे की सूचना पर केलाखेड़ा पुलिस के साथ ही एसीएमओ ड. तपन शर्मा और सीएमएस ड. पंकज माथुर मौके पर पहुंच गए। उन्होंने हंगामा कर रहे चेयरमैन को समझाने का प्रयास किया। एसीएमओ डा शर्मा ने बताया कि स्टाफ नर्स के खिलाफ लोगों की नाराजगी थी।

उन्होंने बताया कि गर्भवती में हीमोग्लोबिन की मात्रा कम थी और उसके पेट में बच्चा उल्टा था। इसके चलते उसे रेफर किया गया था। बच्चे और महिला का उपचार अस्पताल में शुरू कर दिया है। दोनों की हालत में सुधार है।

### सीएमओ को भेजा समस्याओं का ज्ञापन

बाजपुर। नगर पंचायत चेयरमैन अकरम पठान ने सीएमओ को संबोधित ज्ञापन सीएमएस ड. पंकज माथुर को सौंपा। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एमबीबीएस डक्टर की स्थाई नियुक्ति, महिला डक्टर की तैनाती और गर्भवतियों की डिलीवरी के लिये सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध को मुहैया कराने की मांग की है गर्भवती महिला का हीमोग्लोबिन 8.7 और उसका बच्चा उल्टा था। ऐसे में चिकित्सक ने उसके स्वास्थ्य को देखते हुए हायर सेंटर ले जाने की सलाह दी थी। महिला ने रास्ते में बच्चे को जन्म दे दिया।

## ब्रह्मोस मिसाइल के एडवांस संस्करण का सफलतापूर्वक परीक्षण, समुद्री लक्ष्यों को भेदने में सक्षम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय वायु सेना ने गुरुवार को सुखोई-30 एमकेआई फाइटर जेट से ब्रह्मोस मिसाइल के विस्तारित रेंज का सफल परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि वायु सेना ने समुद्र में स्थित लक्ष्यों को सुखोई-30 फाइटर जेट से टारगेट करके नष्ट करने की क्षमता हासिल की। जानकारी के अनुसार, इसका सफल परीक्षण बंगाल की खाड़ी में किया गया। रक्षा मंत्रालय ने बताया, भारतीय वायु सेना ने आज एसयू-30एमकेआई विमान से एक जहाज लक्ष्य के खिलाफ ब्रह्मोस मिसाइल के विस्तारित रेंज संस्करण को सफलतापूर्वक दागा। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस परीक्षण के साथ ही भारतीय वायु सेना ने अधिक लंबी दूरी पर जमीन या समुद्री लक्ष्यों के खिलाफ विमान से सटीक हमले करने के लिए महत्वपूर्ण क्षमता हासिल कर ली है।रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मिसाइल की विस्तारित रेंज क्षमता एसयू-30एमकेआई विमान के उच्च प्रदर्शन के साथ भारतीय वायु सेना को रणनीतिक पहुंच प्रदान करती है और ये भविष्य के युद्ध क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## दलाई लामा की जासूसी कर रही संदिग्ध चीनी महिला बोधगया से हिरासत में



**गया, एजेंसी।** बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा को धमकी देने वाली महिला को बिहार की गया पुलिस ने ढूंढ निकाला है। गया पुलिस उसे हिरासत में लेकर उससे पूछताछ कर रही है, संदिग्ध चीनी महिला जासूस की उम्र लगभग 50 साल बताई जा रही है।

बिहार पुलिस ने चीनी जासूस को बोधगया के कालचक्र ग्राउंड के बाहर से हिरासत में लिया। इसी जगह पर दलाई लामा हर रोजाना प्रवचन देने आते हैं। बिहार पुलिस के मुताबिक, संदिग्ध चीनी महिला का नाम मिस सोंग शियाओलन है।

सूत्रों के मुताबिक, महिला साल 2019 में भारत आई थी। लेकिन वह चीन लौट गई थी। इसके बाद वह दोबारा भारत आई और फिर नेपाल चली गई। वह नेपाल में कुछ दिन बिताने के बाद बोधगाय पहुंची। गया सिटी पुलिस के एसपी अशोक प्रसाद उससे पूछताछ कर रहे हैं।

बता दें, इससे पहले बिहार पुलिस ने संदिग्ध जासून मानी जा रही इस चीनी महिला का स्कैच जारी किया था। इस बीच बोधगया में दलाई लामा की सुरक्षा को लेकर अलर्ट जारी कर दिया गया था। कहा जा रहा है कि बौद्ध धर्मगुरु को चीन की इस महिला ने धमकी दी थी।

वहीं, इस धमकी को लेकर दलाई लामा ने कहा कि मुझमें क्रोध भड़काने वालों के प्रति मेरे मन में कोई दुर्भावना नहीं है। दलाई लामा करीब एक महीने के बोधगया प्रवास पर हैं। उनकी सुरक्षा को लेकर तिब्बत मंदिर से लेकर महाबोधि मंदिर तक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। बता दें कि दलाई लामा 22 दिसंबर को बोधगया पहुंचे थे, जहां उन्हें देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ी थी। यहां उन्होंने गुभगृह में विश्वशांति के लिए विशेष पूजा अर्चना की, जिसके बाद बोधि वृक्ष के नीचे साधना भी की। उनके मंदिर में रहने तक अन्य श्रद्धालुओं के प्रवेश पर भी रोक लगा दी गई थी। गया के जिलाधिकारी त्याग राजन एसएम ने बताया, दलाई लामा के बोधगया आगमन पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

# डीएम ने किया प्रगतिशील किसान के फॉर्म हाउस का निरीक्षण



**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : जनपद के प्रगतिशील किसानों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने एवं उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने गुरूवार को विकासखंड अगस्त्यमुनि के टेमरिया निवासी प्रगतिशील किसान कपिल शर्मा के फॉर्म हाउस पहुंचे। इस दौरान डीएम ने डेयरी एवं उद्यानीकरण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों एवं संचालित योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने प्रगतिशील कृषक कपिल शर्मा के फॉर्म हाउस का निरीक्षण करते हुए कहा कि ऐसे प्रगतिशील किसानों द्वारा उद्यानीकरण एवं पशुपालन के क्षेत्र में कड़ी मेहनत एवं लगन से बेहतर ढंग से कार्य किया जा रहा है। किसान द्वारा लगभग 8-10 लागों को रोजगार भी उपलब्ध कराया जा रहा है जो कि एक सराहनीय कार्य है। क्षेत्र के अन्य कृषकों को भी इनसे प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि किसानों की आय को दुगुनी करने एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों के माध्यम से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी उन्हें उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि उन्हें योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराते हुए उनकी आर्थिकी को मजबूत कर ग्रामीण क्षेत्रों से हो रहे पलायन को भी रोका जा सके। इस अवसर पर प्रगतिशील किसान कपिल शर्मा ने कहा कि लगभग 50 नाली भूमि में सब्जी उत्पादन का कार्य किया जा रहा है, जिसमें बंदगोभी, मटर, आलू, प्याज, लहसुन शामिल है। 14-15 पशु भी रखे हैं, जिसमें डेयरी का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सब्जियों से लगभग 3 से 4 लाख रुपए की वार्षिक आय हो रही है। इसके अलावा भविष्य में किसानों को कृषि के क्षेत्र में प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे कि आने वाले पर्यटक यहां आकर कृषि व उद्यानीकरण के कार्यों को भी करीब से देख सकें। इस मौके पर जिला उद्यान अधिकारी योगेंद्र सिंह चैधरी, मत्स्य निरीक्षक संजय बुटोला, तहसीलदार जखोली राम किशोर ध्यानी, वरिष्ठ प्रबंधक दुग्ध श्रवण कुमार शर्मा, पशुपालन विभाग से डॉ. सतेंद्र सिंह यादव, ग्राम विकास अधिकारी हेमंत त्रिपाठी, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी नरेश कुमार कोहली, रोजगार सेवक सीमा बिष्ट सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## रायपुर कॉलेज में हुआ वार्षिक उत्सव शुरू

देहरादून। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मालदेवता रायपुर का वार्षिक उत्सव शुरू हो गया है। प्राचार्य प्रो. वंदना शर्मा ने बैडमिंटन खेलकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

क्रीड़ा प्रभारी डॉ. शैलेंद्र सिंह ने बताया कि बैडमिंटन के मिक्स डबल में आशुतोष और पार्थ ने पहला, शशांक एवं अनिरुद्ध ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक में पारस कंबोज ने पहला, अक्षय मनवाल ने दूसरा, हेमंत चौहान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। छात्राओं में आंचल नेगी ने प्रथम, प्राची ने द्वितीय तथा आराधना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कैरम में चंदन कुमार ने प्रथम, शादाब अहमद ने द्वितीय और अविरथ राणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग की कैरम में आंचल राणा ने प्रथम, शिवानी पोखरियाल ने द्वितीय और नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# कांग्रेस ने दिया विधानसभा से बर्खास्त कर्मचारियों को समर्थन

देहरादून।उत्तराखंड विधानसभा से बर्खास्त बैकडोर कर्मचारियों के आंदोलन को कांग्रेस नेताओं ने समर्थन दिया। 2016 के बाद की भर्तियों पर कार्रवाई को लेकर विधानसभा अध्यक्ष की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। विधानसभा के समीप बर्खास्त कर्मचारियों ने अपना धरना गुरुवार को 11वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान कांग्रेस के पूर्व दर्जाधारी बिट्टू कर्नाटक सहित कई नेता धरना स्थल पहुंचे और समर्थन दिया।

कांग्रेस नेताओं ने निर्णय लिया कि वह कार्मिकों के साथ अनिश्चितकालीन रूप से धरने पर बैठेंगे। कर्नाटक ने कहा कि कोटिया कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से लिखा कि 2001 से 2022 तक सभी नियुक्तियों एक ही प्रकार से हुई हैं। ऐसे में कार्रवाई केवल 2016 और 2022 की भर्तियों पर ही क्यों की गई। यह विधानसभा अध्यक्ष के दोहरा चरित्र को दर्शाती है।

उन्होंने चेतावनी दी कि बर्खास्त कर्मचारियों के साथ न्याय नहीं होता है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

2016 से पहले की भर्ती पर विधानसभा अध्यक्ष ने तीन माह में कोई भी विधिक राय नहीं ली है, जबकि कुछ कर्मचारियों को एक झटके में बाहर कर दिया। मौके पर कांग्रेस उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह कार्की, गिरीश सिंह, दीप्ति पांडे, तुशांत बिष्ट, बबीता भंडारी, हरीश चंद्र भट्ट, आशीष शर्मा, निहारिका उनियाल, लक्ष्मी चिराल, अमित मंमगाई, कुंदन सिंह आदि मौजूद थे।

# खेतों में फिर हरियाली लौटने की जगी उम्मीद

नई टिहरी : भिलंगना के रौंसाल गांव में वर्ष 2013 की आपदा में सिंचाई नहर के क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों की कई एकड़ सिंचित खेती बंजर हो गई थी। जल्द सिंचाई नहर के बनाने से ग्रामीणों के खेतों में एक बार फिर से हरियाली लौटने की उम्मीद है।

एसडीएम घनसाली केएन गोस्वामी ने ग्रीनको पावर प्रोजेक्ट के अधिकारियों और ग्रामीणों के साथ बैठक कर कंपनी को क्षतिग्रस्त नहर की मरम्मत कर पानी चलाने के निर्देश दिए।

बैठक में सहमति बनी की 15 मार्च 2023 तक ग्रीनको पावर कंपनी ग्रामीणों की सिंचाई नहर पर पानी उपलब्ध करवाऐगी। स्वास्ति पावर प्रोजेक्ट ने वर्ष 2004 में विद्युत प्रोजेक्ट कार्य शुरू किया, जिसका रौंसाल, फलेण्डा, बहेल्डा और सरुणा गांव के ग्रामीणों ने विरोध किया था, विरोध के चलते ग्रामीण जेल तक जाना पड़ा था। जिसके बाद स्वास्ति पावर प्रोजेक्ट ने ग्रामीणों से अनुबंद किया था, कि ग्रीष्मकालीन और शीतकालीन फसलों के दौरान ग्रामीणों की नहर पर पानी यथावत रहेगा। दैविक आपदा से अगर नहर को कोई नुकसान होता है, तो उसकी मरम्मत की सम्पूर्ण जिम्मेदारी कंपनी की होगी, मगर उसके बाद स्वास्ति पावर प्रोजेक्ट ने अपना डैम ग्रीनको कंपनी को बेच दिया। वर्ष 2013 की आपदा को बीते नौ साल हो गए, ग्रामीणों के बार बार कहने पर भी पावर प्रोजेक्ट द्वारा क्षतिग्रस्त नहर निर्माण नहीं किया गया, जिस कारण गांवों की कृषि भूमि बंजर पड़ गई। मामले में कुछ समय पूर्व ग्रामीणों ने एसडीएम घनसाली को ज्ञापन देते हुए आंदोलन की चेतावनी थी। गुरुवार को एसडीएम ने ग्रीनको कंपनी के अधिकारियों को अपने दफ्तर में बुलाकर अनुबंध के मुताबिक 15 मार्च 2023 तक ग्रामीणों को सिंचाई के लिए नहर पर पानी उपलब्ध करने के निर्देश दिये है। वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों ने पावर प्रोजेक्ट में प्रभावित ग्रामीणों को रोजगार देने की मांग भी है। बैठक में ग्राम प्रधान रौंसाल देवकी देवी, कृष्ण गोविंद कंसवाल, सरोप सिंह, कमल सिंह, जयंती प्रसाद, भीम सिंह, मनोज पंवार, दयाल सिंह आदि उपस्थित थे। (एजेंसी)

## जमीन धोखाधड़ी के पांच आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई

देहरादून। जमीनों के कूट रचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी तरीके से खरीद–फरोख्त के पांच आरोपियों के खिलाफ रायपुर पुलिस ने गैंगस्टर ऐक्ट में का–र्रवाई की है। रायपुर एसओ कुंदन सिंह ने बताया कि आरोपी जमीन फर्जीवाड़ा करने के साथ ही पीड़ितों को डराते–धमकाते थे। इसके मद्देनजर पुलिस ने गैंग लीडर प्रवीण गोयल पुत्र चंद्र गोयल निवासी ई 42/2 रेसकोर्स देहरादून और उसके गैंग के अन्य चार सदस्यों को चिह्नित किया। जिसमें दीपशिखा पुत्री राजेंद्र वर्मा निवासी 98 मन्नु गंज देहरादून, सौरभ बालियान पुत्र सूरजभान सिंह बालियान निवासी 190 आदर्श नगर मेरठ, वीरेंद्र वर्मा पुत्र किशनलाल वर्मा निवासी लेन नंबर 10 सहस्त्रधारा रोड देहरादून, शहजाद पुत्र महबूब निवासी ग्राम हसनपुर नागल सहारनपुर शामिल हैं। आरोपियों ने जमीन फर्जीवाड़े से अनुचित संपत्ति एकत्र की हैं। इनकी अनुचित रूप से अर्जित संपत्ति को राज्य सरकार में निहित किए जाने की कार्रवाई भी की जा रही है।

# खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने को अभियान जारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : मुख्य सचिव एमएस सिंधु, जिलाधिकारी हिमांशु खुराना के निर्देशों के क्रम में जनपद में खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने एवं जागरूकता को लेकर खाद्य प्रतिष्ठानों की निरन्तर जांच की जा रही है। खाद्य पदार्थों में मिलावट को रोकने हेतु नियमित एवं निरन्तर कार्रवाई जारी है।

खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन, चमोली के वरिष्ठ खाद्य संरक्षा अधिकारी असलम खान ने बताया कि 23 से 29 दिसंबर तक पीपलकोटी, कालेश्वर, सिमली एवं कर्णप्रयाग से नौ विभिन्न खाद्य पदार्थों यथा बिस्कुट, पोहा, पास्ता, सेवई, दूध आदि के खाद्य सैंपल लेकर राज्य खाद्य विश्लेषण प्रयोगशाला रूद्रपुर भेजे गए है। जनपद के कालेश्वर एवं सिमली में उत्पादन ईकाईयों का सघन



निरीक्षण हुए खाद्य संरक्षा से सम्बन्धित जानकारी दी गई। अन्य जनपदों से आने वाले खाद्य पदार्थों के वाहनों की भी नियमित जांच की जा रही है।

उन्होंने बताया कि वादों के अभियोजन को लेकर एक वाद विवेचना उपरान्त धारा-77 के तहत आयुक्त कार्यालय को भेजा गया है। अनुमति प्राप्त होते ही सक्षम न्यायालय में वाद दायर किया जाएगा। जबकि एक वाद माननीय न्यायालय अपर जिलाधिकारी के समक्ष दायर किया गया है और एक वाद धारा-46(4) के अन्तर्गत पुनः जांच करवाए जाने विषयक पत्र खाद्य कारोबारकर्ता को भेजा गया है।

## नशा उन्मूलन जागरूकता अभियान चलाया

विकासनगर। वीर शहीद केसरी चंद राजकीय महाविद्यालय डाकपत्थर राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर में नशा उन्मूलन जागरूकता अभियान चलाया गया।

मनोचिकित्सक ने नशे से शरीर और दिमाग पर होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी। मनोचिकित्सक डॉ. अनुराधा ने बताया कि नशा शरीर के साथ दिमाग पर भी बुरा प्रभाव डालता है।

## एक नजर

### रहीम जान अध्यक्ष तो गोविंद बनें उपाध्यक्ष

चमोली : चतुर्थवर्गीय कर्मचारी संघ शिक्षा विभाग का द्विवार्षिक अधिवेशन जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र पंचोला की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। एक दिवसीय अधिवेशन में खंड शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि विनय नौटियाल एवं राइंका गैरसैंण के प्रधानाचार्य डीएस बिष्ट क्रमशः मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। गजे सिंह नेगी जिला अध्यक्ष पशुपालन विभाग एवं कोषाध्यक्ष अवतार सिंह बिष्ट की देखरेख में चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष रहीम जान, उपाध्यक्ष गोविंद बिष्ट, महिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी देवी, महामंत्री पुष्कर सिंह, संगठन मंत्री ओम प्रकाश, कोषाध्यक्ष रमेश लखेड़ा मनोनीत हुए। (एजेंसी)

### त्यूणी क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था पर बीईओ ने जताई संतुष्टि

विकासनगर। चकराता ब्लॉक के दुर्गम क्षेत्रों के विद्यालयों का निरीक्षण करने पहुंचीं खंड शिक्षाधिकारी ने सभी विद्यालयों में व्यवस्थाएं दुरस्त पाए जाने पर संतोष जताते हुए ब्लॉक की शिक्षा व्यवस्था को दुरस्त करार दिया। बुधवार देर रात खंड शिक्षाधिकारी पूजा नेगी दानू ने कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास त्यूणी का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने छात्राओं के लिए बनाए जा रहे भोजन की गुणवत्ता जांची और छात्रावास में रखे गए राशन की गुणवत्ता भी देखी। भोजन की गुणवत्ता सही पाए जाने पर उन्होंने वार्डन को हर दिन गुणवत्तापरक भोजन मुहैया कराने के निर्देश दिए। गुरुवार सुबह बीईओ ने राजकीय इंटर कॉलेज अटाल का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रों और शिक्षकों की उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण करने के साथ ही छात्रों से संवाद किया। अंग्रेजी विषय की कक्षा में छात्रों से सवाल पूछे, जिसका सभी छात्रों ने संतोषजनक जवाब दिया। इसके बाद उन्होंने प्राथमिक विद्यालय अणू, प्रावि फेडिज, प्रावि अलसी खेड़ा, राइंका चिल्हाड़ का भी निरीक्षण किया। सभी विद्यालयों में व्यवस्थाएं और शिक्षा का स्तर दुरस्त पाया गया।

# बीडीसी बैठक में उठाई समस्याएं, विधायक ने दिये निस्तारण के निर्देश

नई टिहरी : जौनपुर ब्लॉक की त्रैमासिक बीडीसी बैठक में सदस्यों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को अधिकारियों समक्ष रखा और उनके निराकरण की मांग की। विधायक प्रीतम सिंह पंवार ने अधिकारियों को ग्राम पंचायतों में रोस्टर के मुताबिक बैठक कर सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के साथ समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिये। जौनपुर ब्लॉक मुख्यालय सभागार में ब्लॉक प्रमुख सीता रावत की अध्यक्षता में आयोजित बीडीसी बैठक में जल निगम और जल संस्थान के कार्यों पर चर्चा की गई। ग्राम प्रधान हवेली अरविंद सकलानी ने कहा कि पांच माह पूर्व सकलाना पट्टी में आई आपदा से क्षेत्र में भारी नुकसान हुआ है, जिसके कारण पेयजल लाइनें क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन पांच माह बाद भी पेयजल लाइन का निर्माण नहीं होने से क्षेत्र में पेयजल की किल्लत बनी हुई है। क्षेपंस सुरेश चौहान ने स्यालसी में पेयजल निगम द्वारा करवाये जा रहे पंपिंग योजना के कार्य का मामला उठाया। जिपंस सनवीर बेलवाल ने सुरकंडा पंपिंग पेयजल योजना से दसज्यूला पट्टी के गांव को जोड़ने की मांग अधिकारियों के समक्ष रखी। ग्राम प्रधान रीना बंगारी ने खाद्यन्न वितरण प्रणाली के तहत ग्रामीणों के राशन कार्ड में कई यूनिट के छूटने का मामला उठाया। जिला पूर्ति अधिकारी ने जांच कर मामले के निराकरण की बात कई। लघु सिंचाई और सिंचाई विभाग के मामले में ग्राम प्रधान मेड मस्तराम नौटियाल ने अगलाड़ नदी पर तटबंध बनाये जाने का मामला बैठक में उठाया। ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष सुंदर सिंह रावत ने केम्पटी में लघु सिंचाई विभाग के दफ्तर की जर्जर स्थिति के साथ क्षेत्र की सभी सिंचाई की खस्ताहाल नहरों का मामला बैठक में रखा। बैठक में अन्य सदस्यों ने की सरकार की जन कल्याणकारी योजना का ग्रामीणों को लाभ नहीं का मामला भी उठाया। इसके साथ सदस्यों ने वन, विद्युत, लोनिवि, शिक्षा स्वास्थ्य, समाज कल्याण, सहकारिता सहित अन्य विभागों के जनता से जुड़े मामले संबधिंत विभागों के अधिकारियों के समक्ष रखे।

## छात्र–छात्राओं को दी वित्तीय निवेश की जानकारी

विकासनगर। वीर शहीद केसरी चंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डाकपत्थर में राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार (एनआईएसएम) की ओर से दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत हुई। शिविर में वाणिज्य संकाय के छात्र–छात्राओं को प्रतिभूति बाजार की जानकारी मुहैया कराई जाएगी, जिससे उन्हें बाजार संबंधी बारीकियों का ज्ञान मिल सके। शिविर में बतौर मुख्य वक्ता शिरकत कर रहे नीति आयोग के सदस्य डॉ. संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि युवाओं को शेयर मार्केट, म्यूचुअल फंड, ई–ट्रेडिंग, फाइनेंस मैनेजमेंट, बाजार सुरक्षा और सुरक्षित निवेश की जानकारी होना जरूरी है। जिससे युवा अपने भविष्य को सुरक्षित रख सके।

# महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने में पति और देवर गिरफ्तार

विकासनगर। तौली भूड निवासी महिला को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में पुलिस ने पति और देवर को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। इस मामले में महिला की सास, ससुर और ननद वांछित चल रहे हैं। मृतक महिला के मायके वालों ने तीनों अन्य आरोपियों की भी तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की है। वहीं, पुलिस ने मृतका के मायके वालों की मांग पर महिला का विसरा सुरक्षित रख दिया है। जिसे कोर्ट के निर्देश पर जल्द परीक्षण के लिए भेजा जायेगा। कबूल चंद निवासी कोटी ढलानी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उनकी बेटी रेखा की शादी 2008 में संजय पुत्र मान सिंह निवासी तौलीभूड कोतवाली क्षेत्र विकासनगर के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति संजय, देवर दीपक, सास बामूदेवी, ससुर मानसिंह और ननद रेखा उसके साथ मारपीट करते थे। कई बार समझौता भी कराया, लेकिन वे लोग नहीं माने। बताया कि देवर दीपक ने कई बार बेटी रेखा के साथ मारपीट की। बताया कि 24 दिसंबर को बेटी रेखा मायके से ससुराल गयी थी। तब वह काफी खुश थी। आरोप लगाया कि 25 दिसंबर को रेखा को ससुरालियों ने जहर खाकर आत्महत्या के लिए मजबूर कर दिया। बेटी रेखा को 25 दिसंबर कोरोनेशन अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिर दो दिन तक उन्हें कोई सूचना नहीं दी। 27 दिसंबर को जब बेटी अपनी होशोहबाश खो बैठी और आईसीयू मे भर्ती थी तब उन्हें सूचना दी। लेकिन बेटी से कोई बातचीत नहीं हो पायी। 28 सुबह को चिकित्सकों ने बताया कि रेखा की जहर खाने से मौत हो गयी। इस मामले में पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कराया। गुरुवार को मृतका के परिजन डाकपत्थर चौकी में फिर पहुंचे। जहां बेटी के शव का न्यायिक पैनल बनाकर पुनः पोस्टमार्टम करने की मांग की।

## बिजली की दरें बढ़ाई तो पांच जनवरी से होगा प्रदेशव्यापी आंदोलन : माकपा

देहरादून। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने बिजली की दरें बढ़ाने के प्रस्ताव का विरोध शुरू कर दिया है। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। चेताया कि यदि बिजली की दरें बढ़ाई गई तो पांच जनवरी से प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा।

गुरुवार को माकपा कार्यकर्ता राजपुर रोड स्थित कार्यालय में एकत्र हुए। यहां से जुलूस के रूप में राजपुर रोड पर पहुंचे, जहां सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने के बाद प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा है कि राज्य की भाजपा सरकार भी मोदी सरकार के नक्शे कदमों पर है, सरकार एक के बाद एक जनविरोधी कदम उठाकर जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल रही है। इस साल तीन बार बिजली के रेट बढ़ाए जा चुके हैं।

अब चौथी बार दरें बढ़ाने का प्रस्ताव तैयार है। कहा कि इस मुद्दे पर पांच जनवरी से प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर जिला सचिव राजेंद्र पुरोहित, महानगर सचिव अनन्त आकाश, सचिव इंदु नौडियाल, लेखराज, शंभू प्रसाद ममगाईं, कृष्ण गुनियाल, विजय भट्ट, एनएस पंवार, नुरैशा अंसारी, अर्जुन रावत, कलम सिंह लिंगवाल, मामचंद, रामसिंह भंडारी, चंदा ममगाईं, कुसुम नौडियाल, अंजलि सेमवाल, संगीता नैथानी, भारती पयाल, अनीता नेगी, सुरैशी नेगी, मवाल, किरण, उदय ममगाईं आदि मौजूद रहे।

## नगदी के साथ दो जुआरी गिरफ्तार

विकासनगर। सहसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सभावाला पुलिस ने साढ़े सत्रह हजार रुपये से अधिक की धनराशि के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने गैंबलिंग ऐक्ट में मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार पुलिस की टीम मलूकचंद गांव में जंगल जाने वाले काजुवे के पास सार्वजनिक स्थान पर ताश के पत्तों के साथ जुआ खेल रहे थे। तभी पुलिस ने शक होने पर आरोपियों का दबोच लिया। आरोपियों साजिद अली पुत्र मो. यासीन निवासी हसनपुर कल्याणपुर और इरशाद पुत्र सईद निवासी नौगांव थाना मिर्जापुर सहारनपुर की तलाशी ली।

# राज्यपाल ने किया उत्कृष्ट कार्य करने पर राजभवन के 30 कार्मिकों को सम्मानित

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह(से नि) ने वीरवार को राजभवन में सुशासन दिवस की श्रृंखला में उत्कृष्ट कार्य हेतु राजभवन के 30 कार्मिकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर सम्मानित होने वाले कार्मिकों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि आप लोगों की कार्यशैली और कार्य के प्रति निष्ठा के लिए यह सम्मान दिया गया है। उन्होंने कहा कि अपने कार्यों को निरंतर अच्छा करने का प्रयास करें। राज्यपाल ने कहा कि कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता उस कार्य को किस लगन, निष्ठा, अनुशासन के साथ किया गया है यह बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सम्मानित होने वाले कार्मिकों की कार्य के प्रति श्रद्धा व लगन से वह प्रभावित हैं।



राज्यपाल ने कहा कि ईमानदारी और जिम्मेदारी से किया गया कोई भी कार्य एक कार्मिक के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने कार्मिकों से कहा कि हमेशा आत्मानुशासन से दिए गए दायित्वों का निर्वहन किया जाए। जो भी कार्य किया जाए उसमें आपको संतुष्टि की भावना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी सम्मानित होने वाले कार्मिक अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत हैं। इस अवसर पर प्रथम महिला गुरमीत कौर, वित्त नियंत्रक तृप्ति श्रीवास्तव, अनु सचिव जी.डी.नौटियाल, अनुभाग अधिकारी अनूप नेगी आदि उपस्थित रहे।

# शीतलहर से बचाव कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो: डीएम

देहरादून। प्रदेश में बढ़ते शीतलहर के दृष्टिगत माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी सोनिका ने आज जनपद के समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं रेखीय विभाग के अधिकारियों को कड़ी निर्देश दिये कि जनपद के समस्त क्षेत्रों में शीतलहर बढ़ रही हैं। सभी अधिकारी अपने–अपने क्षेत्रों में निर्धन असहाय एवं जरूरत मंद लोगों को गर्म कपड़ा, कंबल इत्यादि वितरण करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने संबंधित सभी अधिकारियों को यह भी निर्देशित



किया कि चैराहों, सार्वजनिक एवं प्रमुख स्थानों पर अलाव की समुचित व्यवस्था करना सुनिश्चित करेंगे, ताकि ठंड से लोगों को राहत मिल सकें। साथ ही सभी उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार को अपने–अपने क्षेत्रों में कड़ी निगरानी बनाये रखने के निर्देश दिये। कहां की लोगों को ठंड/शीतलहर से बचाव के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना हो, इस कार्य को गंभीरता से लेना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही जिलाधिकारी ने लोगों से कहा कि कोई भी व्यक्ति रात्रि में बाहर न रहे। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया, कि कोई व्यक्ति सड़क अथवा खुली स्थान पर है तो उनको रैन बसेरों में ठहराया जाए। जिलाधिकारी की पहल पर जिला प्रशासन द्वारा जरूरतमंद एवं निर्धन व्यक्तियों हेतु कपड़े एकत्रित किए जा रहें है। उन्होंने लोगों से अपील किया है कि जिनके पास अतिरिक्त गर्म कपड़े हैं तथा उनका उपयोग नहीं कर रहे है वह स्मार्ट सिटी की बस में रखे बॉक्स में कपड़े भेंट कर सकते हैं, यदि कोई टोल फ्री न0 पर 18001802525 पर काल कराता है, तो टीम घर पंहुचकर कपड़े एकत्रित करगी तथा कलैक्शन सेन्टर से जरूरतमंदो को कपड़े वितरित किए जां रहें है।

# वाहनों की टक्कर में भिड़े दो पक्ष, जमकर मारपीट

विकासनगर। बाजार पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत रसूलपुर पेट्रोल पंप के पास एक जीप ने स्कूटर सवार को टक्कर मार दी। इस बीच दोनों पक्षों जीप चालक और स्कूटर सवार के समर्थक आपस में भिड़ गये। दोनों पक्षों के बीच जमकर लात घूसे चले। मामला बढ़ता देख लोगों ने मौके पर पुलिस को बुला लिया। अपराह्न करीब चार बजे रसूलपुर नया पेट्रोल पंप के पास जीप ने स्कूटर सवार को टक्कर मार दी। इस पर स्कूटर सवार युवक के साथी मौके पर पहुंच गये। इस दौरान जीप चालक स्कूटर सवार को अस्पताल उपचार के लिए ले जाने लगा। तभी स्कूटर सवार युवक के साथी मौके पर पहुंच गये। जिन्होंने जीप चालक को थप्पड़ मार दिया। जीप चालक के समर्थक की भी मौके पर पहुंच गये। दोनों पक्षों के लोग आपस में भिड़ गये। दोनों पक्षों के लोगों में जमकर लात घूसे चले। इस दौरान मामला बढ़ते देख स्थानीय लोगों ने चौकी पुलिस को सूचना दी।

# बदहाल पड़ा कौड़िया–मोटाढांक मार्ग, जिम्मेदार लापरवाह

## शिकायत के बाद भी जिम्मेदार विभाग नहीं ले रहा मार्ग मरम्मत की सुध

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार** : कौड़िया से मोटाढाक के बीच सड़क पर बने गड्ढे कब किसी की जिदगी पर भारी पड़ जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता। पूर्व में हुए हादसों के बाद भी जिम्मेदार विभाग सड़क मरम्मत की सुध नहीं ले रहा। कई स्थानों पर सड़क में बनाई गई सीमेंट की सड़क से बाहर निकले सरिया भी बाहर निकल दुर्घटना को न्योता दे रहे हैं।

कुछ वर्ष पूर्व लोक निर्माण विभाग की ओर से कौड़िया–तल्ला मोटाढाक–मोटाढाक के मध्य चार किलोमीटर सड़क का डामरीकरण किया गया था। लेकिन, वर्तमान में यह सड़क पूरी तरह बदहाल हो चुकी है। ऐसे में वाहन चालकों को गड्ढों के बीच सड़क खोजनी पड़ रही है। सबसे अधिक परेशानी दोपहिया वाहन चालकों को हो रही है। क्षेत्रवासी शांति देवी, मुन्नी देवी ने बताया कि सड़क मरम्मत के लिए पूर्व में जनता कई बार लोक निर्माण विभाग को पत्र दे चुकी हैं, लेकिन आज तक कोई भी अधिकारी या कर्मचारियों मौके पर झांकने तक नहीं पहुंचा।



कोटद्वार में बदहाल स्थिति में पड़ी सड़क ।

### ओवरलोड वाहन बने मुसीबत

मोटाढाक से बीईएल को जाने वाली सड़क पर दिन–रात दौड़ रहे ओवरलोड वाहन क्षेत्रवासियों के लिए मुसीबत बन रहे हैं। वाहनों के कारण सड़क का डामर पूरी तरह उखड़ चुका है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि जब तक ओवरलोड वाहनों पर रोक नहीं लगाई जाएगी तब तक डामर बिछाने का कोई फायदा नहीं होगा

बीईएल–मोटाढाक रोड पर गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। रात के अंधेरे में गड्ढे बचाने के चक्कर में वाहनों की आपस में भिड़ंत भी हो जाती है।

# सर्दी के मौसम में भी धधक रहे दीवा रेंज से सटे जंगल

**पौड़ी** : जहां एक ओर ठंड से लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो रखा है, वहीं बीरोंखाल ब्लॉक के अन्तर्गत दीवा रेंज से सटे खितोटिया के जंगल दो दिनों से सर्दी के मौसम में भी धधक रहे है, लेकिन वन विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। जिससे विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान लग रहे हैं। जंगल की आग से वन विभाग की लाखों की वन संपदा से खाक हो गई हैं। उधर, गढ़वाल डीएफओ मुकेश कुमार इस आग की कंट्रोल बार्निंग बता रहे हैं। हालांकि उनका कहना है कि अगर किसी ने यह आग लगाई है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने वन विभाग से इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। सामाजिक कार्यकर्ता कृपाल सिंह, दिनेश सिंह, आलम सिंह ने बताया कि दीवा रेंज से सटे हुए खितोटिया के जंगल बुधवार दोपहर से लेकर रात भर तक आग से धधकते रहे, जिससे वन विभाग की कई हेक्टेअर वन भूमि इसकी चपेट में आ गई है। आग से चीड़, बुरांश, बांज के हरे भरे पेड़ जल कर राख हो गए हैं। वनाग्नि के कारण घुरड़, काखड़, सूअर आदि जंगली जानवर गांव की ओर रुख करने लगे हैं। ग्रामीणों, जनप्रतिधियों में भी विभाग की उदासीनता के प्रति आक्रोश व्याप्त हैं। ग्रामीणों का कहना हैं जंगलों में लगी आग से उनके पशुओं की चारा पत्ती की समस्या अभी से खड़ी हो गई हैं। यदि विभाग आग को काबू नहीं कर सका तो आग धीरे-धीरे आग गुजडु, चौंडी की ओर बढ़ जाएगी। उधर, धुमाकोट रेंज अधिकारी महेन्द्र रावत ने बताया कि दीवा रेंज के जगंल आग लगने की जानकारी मिल गई है। मौके पर टीम भेज दी है। उन्होंने कहा कि शीघ्र आग काबू कर ली जाएगी।

# मंच ने विद्यार्थियों को बांटी स्वेटर



संस्था की ओर से विद्यार्थियों को बांटी गई स्वेटर।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** उत्तराखंड लोक साहित्य एवं सांस्कृतिक मंच कण्वनगरी की ओर से राजकीय इंटर कालेज कांडाखाल लंगूर के विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित की गई। इस दौरान सदस्यों ने अन्य सामाजिक संस्थान से भी विद्यार्थियों की मदद के लिए आगे आने की अपील की।

गुरुवार को विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के संस्थापक सत्यप्रकाश थपलियाल ने बताया कि उनकी संस्था पिछले कई वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही है। लगातार बढ़ रही ठंड को देखते हुए गरीब व असहाय परिवार के विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित की जा रही है। प्रधानाचार्य सोमप्रकाश कंडवाल ने कहा कि संस्था की ओर से विद्याथल के तीस बच्चों को स्वेटर दी गई। वहीं, श्री सिद्धबली मंदिर समिति कोटद्वार की ओर से विद्यालय को स्वच्छता अभियान के तहत 14 कूड़ेदान भी भेंट किए गए। इस मौके पर संस्था के महासचिव अजयपाल सिंह रावत, साहित्यांचल के अध्यक्ष जनार्दन बूड़ाकोटी, दुर्गा प्रसाद, भारत भूषण, आशुतोष बेलवाल, आराधना घिल्डियाल, संदीप नेगी, केशवपाल सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

# शिक्षक काली पट्टी बांधकर करेंगे विरोध

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : राजकीय शिक्षक संघ की नई कार्यकारिणी की बैठक में प्रधानाचार्य के पदों पर सीधी भर्ती का विरोध किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रधानाचार्य पदो पर सीधी भर्ती का विरोध करने के लिए सभी शिक्षक काली पट्टी बांधकर विरोध करेंगे।

राजकीय शिक्षक संघ की बैठक में संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रधानाचार्य के पदों पर सीधी भर्ती से शिक्षकों में रोष व्याप्त है। इस दौरान सर्वसम्मति से जयदीप रावत को संघ का संरक्षक नियुक्त किया गया। संघ के जिलामंत्री बिजेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि प्रधानाचार्य पदों पर सीधी भर्ती के विरोध को लेकर शिक्षामंत्री से भी मुलाकात की गई है। बैठक में जिलाध्यक्ष बलराज गुसांई, जिला उपाध्यक्ष मनोज काला, संगठन मंत्री राजेश भटट, महिला उपाध्यक्ष रीना रावत, संयुक्त मंत्रभ् रेनू गौड़, संगठन मंत्री महिला कंचन लिंगवाल, आय व्यय निरीक्षक तेजराम ममगांई आदि शामिल थे।

# नगर कीर्तन की शोभायात्रा में दिखे हैरत–अंगेज करतब

## गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर शहर में निकाली गई झांकी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : गुरु गोविंद सिंह के 356 वें प्रकाश पर्व पर शहर में नगर कीर्तन शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में गतका पार्टी के युवाओं ने हैरत-अंगेज करतब दिखाकर दर्शकों चौंका दिया। इस दौरान सिख समुदाय के लोगों ने भजन कीर्तिन कर गुरु साहिब का भी पाठ किया।

गुरुवार को गोविंद नगर स्थित गुरुद्वारे से निकाली गई शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा स्टेशन रोड, झंडाचौक, बदरीनाथ मार्ग, पटेल मार्ग, नजीबाबाद रोड से होते हुए वापस गुरुद्वारे में पहुंची। नगर कीर्तन यात्रा में गतका पार्टी के हैरत अंगेज करतब देखने को मिले। जगह–जगह फूल बरसा कर गुरु ग्रंथ साहेब की पालकी व पंज प्यारों का स्वागत किया गया। व्यापारियों की ओर से शोभायात्रा में शामिल लोगों के लिए अपने प्रतिष्ठानों के बाहर चाय–हलवे की व्यवस्था भी की गई थी। इससे पूर्व, गुरुद्वारे में गुरु ग्रंथ साहेब का पाठ किया गया। साथ ही गुरुद्वारे में लंगर भी लगाया गया। सैकड़ों की संख्या में पहुंची सिख समुदाय के लोगों से गुरु से अपने देश व परिवार के लिए सुख–शांति की कामना की। इस मौके पर सभा के अध्यक्ष देवेंद्र भाटिया, सोनी भाटिया, महेश भाटिया, विनय भाटिया, महेंद्र सिंह, गोल्डी भाटिया, सेवादार हरिचन्द्र, अशोक भाटिया, प्रवेश भाटिया, मधु भाटिया, रेनु भाटिया आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार में निकाली गई नगर कीर्तन शोभायात्रा के दौरान करतब दिखाते सिख समुदाय के युवा।

# प्रदेश का बेहतर विकास कर रही डबल इंजन की सरकारः तीरथ

### कोटद्वार में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बोले गढ़वाल सांसद

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** गढ़वाल सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार उत्तराखंड का बेहतर विकास कर रही है। केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाएं जन-जन तक पहुंचे इसके लिए कार्यकर्ताओं को आगे आना चाहिए।

गुरुवार को कोटद्वार जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए तीरथ सिंह रावत यह बात कही। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार उत्तराखंड में चौमुखी विकास कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जी 20 की अध्यक्षता मिलने से विश्व में भारत की साख बढ़ी है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री ने 21वीं सदी का तीसरा दशक उराखण्ड का होगा। इसी के तहत बद्रीनाथ, केदारनाथ के पुनर्निर्माण के 1300 करोड़ रुपए के विकास कार्य संचालित हो रहे हैं। गौरीकुंड- केदारनाथ- गोविंद घाट- हेमकुण्ड साहिब में रोपवे का शिलान्यास त्रिषिकेश- कर्णप्रयाग रेल परियोजना पर तेजी से काम, टनकपुर- बागेश्वर और डोईवाला-गंगोत्री-यमनोत्री रेल लाइन का सर्वे, जौलीग्रांट एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनाना, पूरे देश के साथ उराखण्ड ने भी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना के अंतर्गत 4 लेन सड़कों एवं पुलों का निर्माण एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यहाँ के ग्रामीण क्षेत्र में 4जी, 5जी मोबाइल कनेक्टिविटी एवं उत्तराखंड में हाइस्पीड़ ब्रॉडबेंड एवं फाइबर इंटरनेट की सुविधा के साथ 1202 बीएसएनएल मोबाइल टॉवर की स्वीकृति केन्द्र द्वारा प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि कोटद्वार में केन्द्रीय विद्यालय खोलने की प्रक्रिया भी गतिमान है। गरीब खाद्यान्न योजना को दिसंबर 23 तक बढ़ाकर हर गरीब के घर तक रोटी पहुँचाना प्रधानमंत्री का लक्ष्य है। इसके अलावा उन्होंने केन्द्र द्वारा प्रदेश को बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं स्वयं सहायता समूह के माध्यम से बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत, गौसेवा आयोग के राज्यमंत्री राजेंद्र अण्थ्वाल, विजय लखेड़ा,ऋषि कंडवाल, मण्डल अध्यक्ष सुनील गोयल, चन्द्रमोहन जसोला, कार्यकारी अध्यक्ष मनोज पांथरी



कोटद्वार में कार्यकार्ताओं की बैठक लेते गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत ।

# लोकनृत्य में थापला तो लोकगीत में पयासू ने मारी बाजी

पौड़ी : कल्जीखाल ब्लाक के युवा महोत्सव में युवक और महिला मंगलदलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। प्रतियोगिता के तहत आयोजित लोकगीत में महिला मंगल दल पयासू ने पहला, धारी ने दूसरा व घंडियाल ने तीसरा स्थान हासिल किया। लोकनृत्य में महिला मंगलदल थापला पहले, धारी दूसरे व ध्वीली बिष्ट ने तीसरा स्थान पाया। एकांकी नाटक में महिला मंगल दल धारी ने पहला, डांगी ने दूसरा व थापला ने तीसरा स्थान हासिल किया। महोत्सव में 22 युवक और महिला मंगलदलों ने प्रतिभाग किया। विजेता प्रतिभागियों को ब्लाक प्रमुख बीना राणा ने सम्मानित किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख संगठन के अध्यक्ष एवं द्वारीखाल के ब्लाक प्रमुख महेंद्र राणा, बीडीओ हरेंद्र सिंह कोहली, अनिल नेगी, अर्जुन पटवाल, महेंद्र मवाणा, दरवार सिंह, रमेशचंद्र शाह आदि शामिल थे।

# शराब व सट्टा पर्ची के साथ दो गिरफ्तार



कोतवाली पुलिस की हिरासत में अवैध शराब के साथ पकड़ा गया आरोपी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** कोतवाली पुलिस ने 72 पव्वे अवैध अंग्रेजी शराब व सट्टे की पर्ची के साथ दो युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि गुरुवार को दुगड्डा पुलिस फतेहपुर मार्ग पर गश्त कर रही थी। इस दौरान उन्हें दुगड्डा पीडब्लूडी कालोनी के से करीब एक किलोमीटर आगे फतेहपुर निवासी मनोज भट्ट संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ दिखाई दिया। बताया कि तलाशी के दौरान उसके हाथ में पकड़े थैले से 72 पव्वे अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। उधर पुलिस ने मोटाढांक चौराहे पर सट्टा खिलवा रहे दुर्गापुरी निवासी शेर सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 2300 रूपये, सट्टे की पर्ची और पेन भी बरामद हुआ हैं। पुलिस टीम में कांस्टेबल राकेश सिंह राणा, अनुज कुमार, होमगार्ड तीरथ सिंह, वीरेन्द्र सिंह शामिल थे।

# पूर्व सैनिकों ने जताई खुशी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** पूर्व सैनिक सेवा परिषद से जुड़े पूर्व सैनिकों ने उनकी वन रैंक, वन पेंशन की मांग स्वीकृत करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है।

अपर कालाबड़ स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में अध्यक्ष जी के बड़थ्वाल ने कहा कि पूर्व सैनिकों की इस मांग पर काफी उतार चढ़ाव देखने को मिले।

2014 में केंद्र की मोदी सरकार ने इसको लागू करवाया। इसका लाभ अप्रैल 2023 से सेना के पेंशन भोगियों को मिलना आरंभ हो जायेगा। मौके पर पूर्व सैनिकों की इस मांग पर सकारात्मक रवैया अपनाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया गया। बैठक में सी पी डोबरियाल, अनूप बिष्ट, सुभाष कुकरेती, बलवान सिंह, उमेद सिंह, सुरेश रावत, गोपाल सिंह और शूरवीर सिंह सहित अन्य पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

# एसएसपी ने डिजिटल वॉलिन्टियर्स को किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने डिजिटल वॉलिन्टियर्स को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। एसएसपी ने साइबर अपराधों के सम्बम्ध में जागरूकता फैलाने, अफवाहों का खंडन करने एवं आमजन तक पुलिस द्वारा किये जा रहे अच्छे कार्यों को पहुंचाने में जनपद पुलिस का सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया।

विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फैलने वाली झूठी अफवाहों/भ्रामक खबरों को फैलने से रोकने, लोगों को साइबर अपराधों एवं नशे से होने वाले दुष्प्रभावों आदि के सम्बम्ध में जागरूक करने हेतु पुलिस मुख्यालय स्तर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बनाया गया है। जिसमें उत्तराखण्ड के समस्त जनपदों से ऐसे व्यक्तियों को जोड़ा गया था जो सोशल मीडिया प्लेटफार्म का सकारात्मक प्रयोग करते है एवं समाज सुधारक के रुप में सक्रिय हैं।

समाज के प्रति उत्कृष्ट कार्य करने वाले ऐसे डिजिटल वॉलिन्टियर्स को पुलिस मुख्यालय स्तर से समय-समय पर सम्मानित किया जाता है। एसएसपी श्वेता चौबे ने डिजिटल वॉलिन्टियर्स कार्तिकेय बहुगुणा, नीरज लिंगवाल एवं पुष्पेन्द्र राणा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



एसएसपी श्वेता चौबे डिजिटल वॉलिन्टियर्स को सम्मानित करते हुए।

# पीएचडी प्रवेश परीक्षा न होने से छात्रों में रोष

**श्रीनगर गढ़वाल** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि की पीएचडी प्रवेश परीक्षा जल्द से जल्द कराए जाने की मांग को लेकर छात्रम संगठन और अन्य छात्रों ने विवि के प्रवेश परीक्षा समन्वयक प्रो. अनिल नौटियाल से मुलाकात की।

इस दौरान छात्रों ने प्रवेश परीक्षा के आयोजन में हो रही लेटलतीफी पर गहरी नाराजगी जताई। विवि के बिड़ला परिसर छात्र संघ के विवि प्रतिनिधि अमन पंवार ने कहा कि छात्रों को पीएचडी प्रवेश परीक्षा का लंबे समय से इंतजार है। कहा प्रवेश परीक्षा की इंतजारी कर रहे छात्र अपने भविष्य के लिए चिंतित हैं।

उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द प्रवेश परीक्षा का नोटिफिकेशन जारी किया जाए। मौके पर अमृत राणा, प्रशांत कठैत, वैभव रावत, उत्कर्ष पंवार, आयुष, पंकज, आयुष कंडारी आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

# बाल विकास मंत्री रेखा आर्या का पुतला फूंका



हल्द्वानी। गौरा कन्या धन योजना के आवेदन में आ रही दिक्कतों से नाराज ग्रामीणों ने प्रर्दशन किया। ब्लॉक परिसर में स्थित महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय में किए गए प्रर्दशन में बाल विकास मंत्री रेखा आर्या का पुतला भी फूंका गया।

इस दौरान हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि 2011 में किए गए सामाजिक और आर्थिक सर्वे के अनुसार आवेदन मांगे जा रहे हैं। जबकि इसके बाद लोगों की आर्थिक हालत में काफी बदलाव हुए हैं। आरोप लगाया गया कि सर्वे में अधिकांश परिवारों को बाहर कर दिया गया है। जिससे बाकी परिवारों की बालिकाएं आवेदन नहीं कर पा रहीं हैं। आवेदन करने वाली बालिकाओं से कई तरह के प्रमाण पत्रों की भी मांग की जा रही है। जिसके लिए आवेदकों को कई कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। जिससे आवेदन करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मांग की गई की पूर्व में लागू नियमों के अनुसार ही आवेदन मांगे जाए। जल्द कार्रवाई नही किए जाने पर आंदोलन की कार्रवाई की जाएगी।

# चयनित अभ्यर्थियों ने नियुक्ति की मांग की

पिथौरागढ़ : वन दरोगा भर्ती मामले में जांच में हीलाहवाली को लेकर चयनित युवाओं ने असंतोष जताया है। उन्होंने एसटीएफ से जांच में तेजी लाने व सरकार से नियुक्ति की मांग की है। गुरुवार को वन दरोगा भर्ती में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों ने विधायक मयूख महर को ज्ञापन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में वन दरोगा के 316 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन निकले। इसमें पूरे प्रदेश से 80 हजार से अधिक युवा शामिल हुए। यूकेएसएसएससी ने 16 जुलाई से 25 जुलाई 2021 में 18 पालियों में ऑनलाइन परीक्षा आयोजित कराई। ऑनलाइन परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की जून माह में शारीरिक दक्षता परीक्षा भी पूर्ण हो चुकी है। भर्ती में धांधली की शिकायत के बाद एसटीएफ जांच कर रही है। 6 महिने बीतने के बाद भी वन दरोगा भर्ती जांच कहां तक पहुंची है किसी को जानकारी नहीं है। विधायक महर ने अभ्यर्थियों को वन विभाग के आला अधिकारियों से वार्ता करने व सदन में बात रखने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालो में कमल जोशी, दीपक राठौर, हिमांशु भट्ट, सुनीता पाठक, रेखा बिष्ट, संतोषी शामिल रहे। वीडीओ भर्ती घोटाले सहित अन्य भर्ती घोटालों में सरकार कोई ठोस निर्णय नहीं ले पा रही है। बेरोजगार संघ के सुरेश धामी ने कहा कि बेरोजगार युवाओं को जांच करने के नाम पर ही गुमराह किया जा रहा है। प्रदेश में अन्य भर्ती घोटालों की जांच पूर्ण हो चुकी है पर रिपोर्ट बाहर नहीं आ रही है।

# शासन-प्रशासन पर लगाया अनदेखी का आरोप

पिथौरागढ़ : मुनस्यारी से 110 किमी. दूर जिला मुख्यालय पहुंचकर ग्रामीणों ने 49 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने शासन-प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाया। कहा आजादी के 75 साल बाद भी ग्रामीण सड़क, शिक्षा जैसी जरूरी सुविधाओं से जूझ रहे हैं। गुरुवार को डीडीहाट युवा कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम दानू के नेतृत्व में ग्रामीण कलक्ट्रेट में एकत्र हुए। इस दौरान उन्होंने शासन–प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण समस्याओं से जूझ रहे हैं। तोमिक झापुली के आपदा प्रभावितों को आवासीय मकान के लिए दूसरी किस्त जारी नहीं हुई है। धारखेत–तोमिक मार्ग छह माह से बंद है। घट्टाबगड़ के लोगों की प्यास बुझाने को गांव में अब तक एक पेयजल योजना नहीं बनी है। मेतली में लंबे समय से ग्रामीण सड़क निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा क्षेत्र में कई सड़कों को स्वीकृति मिली है, लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। मदकोट अस्पताल में अन्य स्टाफ तो दूर सफाई कर्मी तक नहीं है। जीआईसी मदकोट, उच्छेती, मवानी–दवानी के स्कूलों में शिक्षकों का टोटा है। इससे छात्र–छात्राओं को पढ़ाई बाधित हो रही है। बाद में ग्रामीणों ने डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। उनका कहना है कि अगर शीघ्र ही उनकी मांगें पूरी नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। इस मौके पर ईश्वर प्रसाद, दरपान सिंह, भूपेंद्र सिंह, प्रकाश सिंह, मोती सिंह, सुंदर सिंह, तारा सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे। (एजेंसी)

### नवर्निवाचित छात्रा उपाध्यक्ष का भव्य स्वागत

अल्मोड़ा : श्री राम सिंह धौनी राजकीय महाविद्याल जैंती में गुरुवार को सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

जिसमें छात्र महासंघ की नवर्निवाचित छात्रा उपाध्यक्ष चंद्रा धानक का जोरदार स्वागत किया गया।

# 2000 करोड़ से आदर्श हाईटेक शहर बनेगा हल्द्वानी : अजय भट्ट



हल्द्वानी। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने गुरुवार को हल्द्वानी के विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हल्द्वानी के लिए की गई 2000 करोड़ रुपये की घोषणाओं से संबंधित कार्यों का जल्द क्रियान्वयन होगा। शहर में प्रशासनिक भवन बनाने, सड़क, पार्किंग, ट्रांसपोर्ट आदि की डीपीआर अंतिम चरण में है। जल्द ही जनता को हल्द्वानी का विकास धरातल पर दिखेगा और हल्द्वानी शहर आदर्श हाईटेक शहर के रूप में शुमार होगा। गौलापार सर्किट हाउस में केंद्रीय पर्यटन एवं रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कार्यदायी संस्था टाटा कंसल्टिंग इंजीनियरिंग (टीसीई) के साथ बैठक की। कहा कि शहर मे पेयजल एवं सीवर योजना की डीपीआर तैयार कर प्रस्तुत कर दी गई है। कार्य जल्द शुरू हो जाएगा। उन्होंने शेष प्रस्तावों पर जल्द डीपीआर तैयार कर 3 महीने के भीतर कार्य शुरू करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कार्यदायी संस्था टीसीई के इंजीनियरों ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से बताया कि शहर की पेयजल व्यवस्था के लिए 835 करोड़, सीवरेज के लिए 462 करोड़, प्रशासनिक भवन, वेंडर जोन, सड़क चौडीकरण, पार्किंग, ट्रांसपोर्ट और फुटपाथ के लिए 500 करोड़ व फायर एवं इमरजेंसी सर्विस के लिए 100 करोड का डीपीआर तैयार कर ली गई है। पेयजल समस्या के समाधान के लिए नए 11 ओवरहेड टैंक और 8 नए ट्यूबवेल बनाए जाने हैं। साथ ही शहर में बरसात के दौरान नैनीताल रोड व कालाढूंगी रोड में जलभराव समाप्त करने के लिए ड्रेनेज प्लान भी प्रस्तावित है।

### बर्खास्त विस कर्मियों को पूर्व दर्जा मंत्री ने दिया समर्थन

अल्मोड़ा : पूर्व राज्यमंत्री एवं उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बिट्टू कर्नाटक विधानसभा से बर्खास्त कर्मचारियों के समर्थन में गुरुवार को धरना-स्थल पहुंचे। प्रदेश सरकार से मांग की कि द्वेषपूर्ण राजनीति के तहत अन्यायपूर्ण तरीके से बर्खास्त किए गए विधानसभा कर्मचारियों को वापस लिया जाय। कहा कि विधानसभा में कार्यरत चुनिंदा कर्मचारियों को जिनकी नियुक्ति 2016 के बाद हुई थी को विधानसभा से निकाला जाना जहां सरकार की अपने चहेतों को बचाने की साजिश है। वहीं दूसरी ओर ये भारतीय संविधान में निहित समानता के अधिकार अनुच्छेद 16 का भी स्पष्ट उल्लंघन है। (एजेंसी)

# सभी डिग्री कॉलेज व स्कूलों में बनेगी एंटी ड्रग कमेटी

हल्द्वानी। उत्तराखंड में यूपी से आ रही ड्रग्स को लेकर कैबिनेट में प्रस्ताव लाएंगे ताकि नशे पर पूरी तरह से अंकुश लगाया जा सके। 2024 तक उत्तराखंड को नशा मुक्त बनाने का सरकार का लक्ष्य है। स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने गुरुवार को हल्द्वानी में अफसरों के साथ बैठक में ये बात कही। इसके अलावा मंत्री ने शिक्षा विभाग के अधिकारी व जिलाधिकारी को सभी डिग्री कॉलेजों व स्कूलों में एंटी ड्रग्स कमेटी बनाने के निर्देश दिए। डॉ. रावत ने गुरुवार को सर्किट हाउस में नशामुक्ति जनसहभागिता कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन, पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। डॉ. रावत ने जिले के सभी अधिकारियों से राज्य को नशा मुक्त बनाने के लिए सुझाव मांगे। बैठक में मौजूद अधिकारियों ने उन्हें जागरूकता अभियान चलाने, टीन एजर्स पर ज्यादा फोकस करने, स्कूली बच्चों के परिवार की काउंसलिंग कराने, ग्राम पंचायत स्तर पर लोगों को नशे के खिलाफ अभियान से जोड़ने की बात कही।

बैठक में ये रहे मौजूद

विधायक बंशीधर भगत, मेयर डॉ जोगेन्द्र सिंह रौतेला, डीएम धीराज गर्ब्याल, एसएसपी पंकज भट्ट, निदेशक चिकित्सा शिक्षा डॉ. आशुतोष सयाना, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी, उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. जगदीश प्रसाद, डायरेक्टर हेल्थ डॉ तारा आर्या, सीएमओ डॉ. भागीरथी जोशी आदि मौजूद रहे।

**जेल में 70 प्रतिशत अपराधी ड्रग्स से जुड़े**

बैठक में मौजूद नैनीताल जिले के एसएसपी ने स्मैक तस्करों को लेकर अपनी रिपोर्ट रखी। उन्होंने कहा कि बरेली के मरीगंज से सबसे ज्यादा ड्रग्स आ रही है। उन्होंने बताया कि जेलों में बंद 70 प्रतिशत से ज्यादा अपराधी ड्रग्स की तस्करी के चलते जेल पहुंचे हैं।

### खनन में लिप्त टिप्पर सीज

पिथौरागढ़ : राजस्व पुलिस ने अवैध खनन में लिप्त एक टिप्पर को पकड़ा है। गुरुवार को तहसीलदार अबरार अहमद के नेतृत्व मे राजस्व पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान पनार–गंगोलीहाट मार्ग में भुलीगांव के समीप अवैध रेत ला रहे टिप्पर संख्या यूके 03 सीए 0373 को पकड़ लिया। राजस्व पुलिस ने बताया कि चालक आनंद सिंह को गिरफ्तार कर टिप्पर सीज किया गया है।

# वनभूलपुरा की जनता के साथ नेताओं ने निकाला कैंडल मार्च

हल्द्वानी। रेलवे भूमि मामले में प्रभावित लोगों ने गुरुवार को शाम को विभिन्न राजनीतिक दल और सामाजिक सामाजिक संगठनों की अगुवाई में कैंडल मार्च निकला। सैकड़ों की तादात में लोगों ने लाइन नंबर 17 स्थित मुजाहिद चौक से निकाले गए कैंडल मार्च को पुलिस ने ताज चौराहे पर ही रोक लिया। आगे नहीं जाने दिया। जहां कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य समेत कई नेताओं ने प्रभावित लोगों के हक की लड़ाई लड़ने का ऐलान किया। तिकोनिया बुद्ध पार्क तक प्रस्तावित इस मार्च को रोके जाने के बावजूद लोग बिना किसी विरोध प्रदर्शन के वापस चले गए। रेलवे भूमि पर बने मकानों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के विरोध गुरुवार को वनभूलपुरा के लोगों ने कैंडल मार्च निकाला। शांतिपूर्ण ढंग से निकाले गए कैंडल मार्च में लोगों ने सरकार से उन्हें न्याय देने की मांग की। कहा कि यदि हटाना ही है तो प्रभावितों के पुनर्वास की व्यवस्था पहले की जानी चाहिए। इससे पहले बुधवार को भी क्षेत्र के हजारों लोग सुबह से शाम तक चोरगलिया रोड, वनभूलपुरा थाना और लाइन नंबर 17 पर धरने पर बैठे रहे। महिलाएं, स्कूली बच्चे और बुजुर्ग सरकार से उन्हें बेघर न करने की मांग करते रहे। इसी को लेकर गुरुवार की शाम 5 बजे लाइन नंबर–17, चोरगलिया रोड स्थित मुजाहिद चौक पर वनभूलपुरा के लोग एकत्रित हुए और वहां से ताज चौराहे तक कैंडल मार्च निकाला। जिसे समर्थन देने के लिए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या, विधायक सुमित हृदयेश, उप नेता प्रतिपक्ष एवं खटीमा विधायक भुवन कापड़ी, जसपुर विधायक आदेश चौहान, नैनीताल कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, सपा नेता अब्दुल मतीन सिद्दीकी, शुएब सिद्दीकी समेत तमाम नेताओं भी पहुंचे।

### कोविड टीकाकारण शुरु



चम्पावत : जिला अस्पताल में कोविड का टीकाकरण शुरू हो गया है। प्रभारी पीएमएस डॉ. विवेक सिंह ने बताया कि टीकाकरण में मुख्य रूप से बूस्टर डोज और एहतियात खुराक लगाई जा रही है। जिसके तहत आज जिला अस्पताल में आठ लोगों को बूस्टर डोज लगाई गई। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण के नए वेरिएंट को लेकर शासन की जारी एडवायजरी तहत वैक्सीनेशन शुरू कर दिया गया है। जिले में फिलहाल चम्पावत और टनकपुर में टीकारकरण का कार्य शुरु किया गया है। टीकाकरण में वैक्सीनेटर सुनीता डसीला, आशा कार्यकर्ती संगीता, डाटाएंट्री आपरेटर कपिल लोहनी सहयोग कर रहीं हैं। (एजेंसी)

# शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर धरना प्रदर्शन



हल्द्वानी। गुरुवार को खंस्यू में शिक्षकों के रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में हरीश पनेरू के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया गया। पूर्व दर्जा राज्यमंत्री हरीश पनेरू ने बताया ओखलकांडा ब्लॉक के विद्यालयों में शिक्षकों के 75 पद रिक्त हैं। जिस कारण विद्यार्थियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसके चलते धरना प्रदर्शन किया गया। वहीं समाजसेवी उमेश भट्ट ने शिक्षकों की नियुक्ति नहीं होने पर आमरण अनशन करने की बात कही। कहा जल्द शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत को शिक्षकों की नियुक्ति के लिए ज्ञापन सौंपेंगे। यहां रमेश पनेरू, उमेश भट्ट, कुँवर सिंह मटियाली, कमल शर्मा, ईश्वर दत्त परगाई, जीवन बिष्ट, हरपाल सिंह ऐरी, गोपाल सिंह बरगली, महेंद्र सिंह, दयाल सिंह बरगली, प्रताप सिंह चिलवाल, नंदन सिंह, महेन्द्र आर्या, चन्दन सिंह बिष्ट, हरेंद्र बिष्ट, दीपक पनेरू, केशव दत्त पनेरू, प्रताप सिंह, चन्दन सिंह, कैलाश भट्ट, जीवन कांडपाल, राजेन्द्र कांडपाल, हीरा सिंह, मोहन सिंह आदि लोग धरने में मौजूद रहे।

# बाराकोट की महक ने उड़ीसा में किया शानदार प्रदर्शन



चम्पावत : उड़ीसा-भुवनेश्वर में आयोजित ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी योगासन चैंपियनशिप में बाराकोट निवासी महक ने शानदार प्रदर्शन किया। महक ने सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा की टीम से प्रतिभाग कर महिला टीम ने देश में 30वां स्थान पाया है। 27 से 29 नवंबर तक आयोजित प्रतियोगिता में एसएसजे परिसर की टीम में शामिल बाराकोट निवासी पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष हरीश लाल वर्मा और आंगनबाड़ी कार्यकत्री दमयंती वर्मा की बेटी महक वर्मा ने शानदार प्रदर्शन किया।

महक ने जिला, राज्य और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में योग के क्षेत्र में कई उपलब्धियां हांसिल की हैं। जवाहर नवोदय विद्यालय चम्पावत से इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद महक ने योग की पढ़ाई करने का मन बनाया और अल्मोड़ा गई।

पिता ने बताया कि महक योग के प्रति इतनी समर्पित है कि वह अन्य खेलों को तवज्जो नहीं देती है। (एजेंसी)

### अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार

चम्पावत : पुलिस ने पोखरी के पास होटल स्वामी को 23 पव्वे अवैध अंग्रेजी शराब के साथ दबोचा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर दिया है।

एसओ मनीष खत्री ने बताया कि रुटीन चेकिंग के दौरान पाटी मार्ग में पोखरी के पास प्रकाश सिंह बोहरा निवासी पोखरी के होटल से 23 पव्वे अवैध शराब के बरामद किए। एसओ ने बताया कि होटल स्वामी अवैध रुप से शराब बेचने और पिलाने का कार्य कर रहा था। पुलिस टीम में एसआई हरीश प्रसाद, दीवान राम, ललित रावल रहे। (एजेंसी)

# स्वास्थ्य विभाग चलाएगा राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम

बागेश्वर : स्वास्थ्य विभाग अब जिले के किशोर–किशोरियों के स्वास्थ्य को लेकर राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाएगी। आशाओं के माध्मय से गांव में 200 पीयर एजुकेशन ग्रुप बनेगा। कपकोट व बागेश्वर ब्लॉक में 70-70 तथा गरुड़ में 60 ग्रुप बनेंगे। इन ग्रुपों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद वह गांव में किशारों से बातचीत करेंगे। उनकी समस्याओं को सुनेंगे। गंभीर समस्याओं का समाधान कराया जाएगा।

मालूम हो कि किशोरावास्था में शारीरिक बदलवाव के साथ मानसिक बदलाव भी आते हैं। इस दौरान आने वाली समस्याओं को किशोर आपस में ही शेयर करते हैं और आधी–अधूरी जानकारी होने के कारण कई बार गंभीर परिणाम सामने आते हैं।

इन समस्याओं को निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग अब जल्द जिले में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाने जा रहा है। इसके लिए सबसे पहले गांव में 10 से 19 साल तक एक किशोर और एक किशोरियों का ग्रुप बनाया जाएगा। यह ग्रुप पूरे जिले में 200 बनाए जाएंगे। इसमें बागेश्वर व कपकोट में 70-70 तथा गरुड़ में 60 होंगे। इन ग्रुपों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद ग्रुप मिलकर गांव में इसी उम्र के किशोर तथा किशोरियों से रोजाना चर्चा करेंगे। शारीरिक बदलाव के अलावाा किशोरियों में माहवारी के दौरान होने वाली परेशानी से लेकर अन्य परेशानियों पर चर्चा करेंगे। विभाग का मामना है कि इस उम्र के लोग अपने ही ग्रुप में ज्यादा चर्चा करना पसंद करते हैं। जानकारी के अभाव में उन्हें आधा ज्ञान मिलता है। इस कार्यक्रम से इस की समस्या दूर होगी। (एजेंसी)

### रक्तदान कर करेंगे नव वर्ष का स्वागत

पिथौरागढ़ : काली कुमाऊं क्षेत्र के लोग नए वर्ष का स्वागत रक्त का दान कर करेंगे। गुरुवार को काली कुमाऊं के जगदीश कलखुडिया ने बताया साल के आखिरी दिन यानि की थर्टी फस्ट को काली कुमाऊं और नगर के लोग मिलकर जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान करेंगे। उन्होंने बताया कि बीते 22 सालों से वे नए साल का स्वागत कुछ इसी तरह कर रहे हैं। पुरुषों के साथ ही महिलाएं भी रक्तदान में शामिल होती हैं। उन्होंने सभी लोगों से जीवन दायिनी पहल रक्तदान में शामिल होने की अपील की है। (एजेंसी)

### युवा महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

चम्पावत : युवा कल्याण विभाग की ओर से जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान कलाकारों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

गुरुवार को युवा भवन लोहाघाट में जिला युवा कल्याण अधिकारी मोहन सिंह नग्नियाल की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति राय ने महोत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि अपनी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए इस तरह के आयोजन समय-समय पर होने चाहिए। विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रहलाद सिह मेहता ने युवा कलाकरों को बधाई दी।

# अभद्रता मामले में कर्मचारी नाराज, अधीक्षण अभियंता को सौंपा ज्ञापन

अल्मोड़ा : कर्मचारी महासंघ सदस्यों के साथ हुई अभद्रता मामले में कर्मचारी आक्रोशित हैं। नाराज कर्मचारियों ने उत्तराखंड पेयजल निगम कर्मचारी महासंघ के बैनर तले अल्मोड़ा में अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कर्मचारियों ने कहा कि अल्मोड़ा स्थित मंडल कार्यालय में बीते 26 दिसंबर की सुबह अराजक तत्वों ने प्रांतीय महिला संगठन मंत्री के साथ अभद्र व्यवहार करने का प्रयास किया, जिसका दूसरे कर्मचारी ने विरोध किया।

जिस पर अराजक तत्वों ने कर्मचारियों के साथ जबरन कार्यालय परिसर में घुसकर मारपीट और अभद्र व्यवहार किया। कहा कि मंडल कार्यालय के समीप ही आवासीय कॉलोनी है, ऐसे में अराजत्क तत्वों से कर्मचारियों के साथ ही उनके परिजनों को भी जानमाल का खतरा बना है। उन्होंने कर्मचारियों की समस्याओं को देखते हुए सुरक्षा संबंधित व्यवस्था करने और अराजक तत्वों पर कार्रवाई करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में नरेंद्र बिष्ट, राहुल बिष्ट, दिनेश भट्ट, कुंदन अधिकारी, दीपा जोशी, गोविंद बिष्ट, रंजीत बिष्ट, हरीश सतवाल, पंकज आर्या, निर्मला रावत, प्रेमा बिष्ट, किशन आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### गौरव के प्रदेश मंत्री बनने से कार्यकर्ताओं में जोश

चम्पावत : भाजपा नेता गौरव लडवाल के भाजयुमो प्रदेश मंत्री बनने पर चम्पावत के कार्यकर्ताओ में खुशी का माहौल है। गौरव इससे पूर्व प्रदेश के सह मीडिया प्रभारी रह चुके हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की संस्तुति पर भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत ने उन्हें ये जिममेदारी दी है। उनके प्रदेश मंत्री बनने पर भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मला माहरा, ब्लॉक प्रमुख रेखा देवी, ज्येष्ठ प्रमुख मोनिका बोहरा, नरेंद्र लडवाल, श्याम नारायण पांडेय, गोविंद सामंत, शंकर खाती, मोहन अधिकारी, सुंदर बोहरा, प्रकाश तिवारी, कपिल खर्कवाल, विकास शाह, अमन ठाकुर, मुकेश महराना, कैलाश अधिकारी, गौरव पांडेय ने उन्हें बधाई दी है। (एजेंसी)

### संस्कृत को आगे बढ़ाने के लिए सहयोग जरूरी

पिथौरागढ़ : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेरीनाग में संस्कृत भाषा को व्यावहारिक भाषा बनाने को लेकर संगोष्ठी हुई। गुरुवार को संगोष्ठी में प्राचार्य सीडी सूंठा ने कहा कि संस्कृत भाषा हमारी पुरातन कालीन धरोहर है।

वेदों, पुराणों और आयुर्वेद में इसके महत्व को आगे बढ़ाया है। वक्ताओं ने संस्कृत भाषा को आगे बढ़ाने के लिए सभी के सहयोग का आग्रह किया। इस दौरान ज्योति प्रकाश जोशी, डॉ.योगेश चंद्र जोशी, ओमप्रकाश, डॉ.वंदिता, नेहा, प्रदीप, सुनीता मौजूद रहे। (एजेंसी)

# सहायक खाद्य निरीक्षक का तबादला होने से विक्रेताओं में रोष

पिथौरागढ़ : सहायक खाद्य निरीक्षक का तबादला होने से सस्ता गल्ला विक्रेताओं ने आक्रोश है। विक्रेताओं का कहना है सहायक खाद्य निरीक्षक पर झूठा आरोप लगाया जा रहा है। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को पत्र भेजकर सहायक खाद्य निरीक्षक का तबादला रोकने की मांग की है। सस्ता गल्ला विक्रेता संघ के अध्यक्ष जोगा सिंह के नेतृत्व में सस्ता गल्ला विक्रेताओं ने बीते रोज बैठक की। इस दौरान विक्रेताओं ने कहा कि सहायक खाद्य निरीक्षक कमल किशोर टम्टा का कार्य सराहनीय रहा है। पूर्व में खाद्यान के 50 किलो के कट्टे को कभी तोलकर नहीं दिया जाता था, लेकिन जब से उन्होंने कार्यभार संभाला है व्यवस्था में सुधार हुआ है। उन्होंने विभाग को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सहायक खाद्य निरीक्षक का तबादला अन्यत्र किया गया तो वे राशन वितरण बंद कर देंगे। यहां सस्ता गल्ला विक्रेता गिरीश शाह, शंकर गिरी, महिपाल सिंह, नीरज खत्री, सुंदर आर्य, मोहन सिंह, मीना भट्ट, गोपाल सिंह, भीम सिंह, भवानी राम, दान सिंह, केशव गिरी, आनंद सिंह, जगत सिंह, दान सिंह, धन सिंह, मदन राम, होशियार सिंह, मदन मोहन जोशी, मुकेश लाल वर्मा, हर्षित पंत, जगत राम आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### एसोसिएशन ने डीएम से की भेंट

पिथौरागढ़ : निजी स्कूल एसोसिएशन ने डीएम रीना जोशी के साथ शिष्टाचार भेंट की। एसोसिशन के सचिव नवीन चंद्र कोठारी के नेतृत्व में सदस्य डीएम कार्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पुष्प गुच्छ देकर डीएम का स्वागत किया। बाद में उन्होंने विभिन्न समस्याओं को लेकर डीएम से चर्चा की। यहां दिनेश जोशी, खीम सिंह चौहान, प्रदीप पांडे, दिशांत, भोपाल सिंह बिष्ट, गिरीश पाटनी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# सीआईएसएफ का जवान बनकर ठगी करने वाला आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : पुलिस ने सीआईएसएफ का जवान बनकर फर्नीचर बेचने के नाम पर ठगी करने वाले एक इनामी आरोपी को हरियाणा से गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। अभियुक्त बेहद शातिर किस्म का अपराधी है, जो सोशल साईट्स नाम बदलकर आमजन से धोखाधड़ी करता है। अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी के साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया जायेगा।



सीआईएसएफ का जवान बनकर ठगी करने वाला आरोपी के साथ पुलिस कर्मी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने बताया कि 17 अक्टूबर 2022 को श्रीमती लीलावती देवी पत्नी हरिवंश सिंह नेगी निवासी खंड कल्ला, पैठाणी द्वारा थाना पैठाणी में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई कि मेरे पति ने 22 सितम्बर 2022 को फेसबुक पर एक फर्नीचर बेचने का विज्ञापन देखा, जिस पर मोबाइल नंबर भी था। कहा कि हमें हमें फर्नीचर की आवश्यकता थी, जिस पर उनके पति ने उक्त मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क किया तो उसने अपना नाम सुमित कुमार बताते हुए कहा कि वह सीआईएसएफ में दिल्ली में नौकरी करता है और मेरा ट्रांसफर अण्डमान निकोबार हो गया है, जिस कारण मैं अपना फर्नीचर, टीवी, एसी बेचना चाह रहा हूं। एसएसपी ने बताया कि महिला के पति ने सामान लेने के लिए युवक द्वारा बताए गए कई बैंक खातों में कुल 4 लाख 31 हजार 2 सौ 37 रुपये की धनराशि डाली लेकिन उसके बाद युवक द्वारा ना ही फोन उठाया गया और ना ही फर्नीचर दिया गया। एसएसपी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच पैठाणी थाने के उपनिरीक्षक रमेश जयाड़ा को सौंपी गई। कि युवक गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था। जिस पर युवक पर 5 हजार का इनाम भी घोषित किया गया। एसएसपी ने बताया कि आरोपी युवक परवेज 22 साल पुत्र महमूद, निवासी ग्राम उदाका, थाना रोजकामेव, जनपद नूँह, हरियाणा को हरियाणा से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक रमेश सिंह जयाडा, उपनिरीक्षक जयपाल सिंह चौहान, कांस्टेबल प्रेमचन्द्र, नवाब हैदर, अमरजीत, हरीश, अरविन्द, विमला आदि शामिल थे।

## अभियुक्त फर्जी आईडी बनाकर करता है धोखाधड़ी

एसएसपी श्वेता चौबे ने बताया कि अभियुक्त परवेज ने पूछताछ में बताया कि मेरे द्वारा फेसबुक पर भिन्न-भिन्न नामों से फर्जी आईडी बनाकर लोगों से पैसों की धोखाधड़ी की जाती है। इस घटना में उसके साथ अमजद खान, जो कि मेरे चाचा का लड़का है व नाजिम जो अमजद खान का साला है शामिल थे। परवेज ने इस मामले में उक्त सुमित कुमार के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाई गयी, जिसमें उन्होंने फर्नीचर का विज्ञापन दिखाकर उनसे धोखाधड़ी की। अभियुक्त ने यह भी बताया इसी प्रकार की धोखाधड़ी करना हमारा पेशा है, जो हम अन्य लोगों से भी करते हैं।

## 16 ग्राम स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

चमोली : नशे एवं ड्रग्स के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई में चमोली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। बुधवार को कोतवाली कर्णप्रयाग पुलिस को मुखबिर से मिली जानकारी पर चेकिंग के दौरान गौचर बैरियर के पास 2 आरोपियों को 16 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त से कड़ी पूछताछ में प्राप्त सूचनाओं के आधार पर पुलिस द्वारा उक्त सम्बन्ध में आगे भी कार्यवाही की जायेगी। अभियुक्तों को वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा। इस अभियुक्त से 8.50 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गई। अवैध नशे के खिलाफ इस बड़ी कार्रवाई में पुलिस टीम में पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन नताशा सिंह, उपनि मानवेंद्र सिंह चौकी प्रभारी गौचर, हेड कांस्टेबल दीवान सिंह कांस्टेबल संतोष, राजेन्द्र सिंह रावत सर्विलांस सैल चमोली होमगार्ड विपिन राणा शामिल रहे। (एजेंसी)

# पांच साल से अधर में लटका पॉलीटेक्निक भवन का निर्माण

श्रीनगर गढ़वाल : कीर्तिनगर ब्लॉक के जोगणीसैण में विगत पांच सालों से पॉलीटेक्निक भवन का निर्माण अधर में लटके होने से क्षेत्र के लोगों में गहरा आक्रोश है। इस संदर्भ में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की ओर से मुख्यमंत्री एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री को ज्ञापन भेजकर तत्काल भवन निर्माण कार्य शुरू कराए जाने की मांग की है।ग्राम प्रधान न्यूली संजय देव डंगवाल का कहना है कि भवन निर्माण कार्य प्रारंभ न होने के कारण ग्राम पंचायत न्यूली द्वारा लगातार कार्यवाही के फलस्वरूप वर्ष 2020-21 में तीन करोड़ रूपए से अधिक की धनराशि भवन निर्माण कार्य के लिए स्वीकृति हुई थी। जिससे कुछ माह तक निर्माण कार्य शुरू हुआ। लेकिन लंबे समय से फिर से कार्य बंद पड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016-17 से अभी तक भवन निर्माण कार्य पूरा होने का क्षेत्रवासी इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उक्त कार्य शुरू कराने को लेकर ग्रामीण कुछ समय पहले तकनीकी शिक्षा मंत्री से भी मिले थे। बावजूद अभी तक कार्य शुरू नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा यदि क्षेत्र में पॉलीटेक्निक का भवन निर्माण हो जाता तो अभी तक क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवों के छात्रों सहित अन्य स्थानों के छात्र-छात्राओं को इस पॉलीटेक्निक का लाभ मिलना शुरू हो जाना था। उन्होंने इस मामले में बरती जा रही लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए शीघ्र भवन निर्माण कार्य पूरा कराए जाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में जयंती प्रसाद, धन सिंह, भक्ति लाल, दिनेश प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, रूकमणी, दिनेश लाल, विरेंद्र सिंह, जगदीश कुमार, राजेश लाल, रविकांत, गोविंद लाल, अनुसूया प्रसाद बडोनी, सुरेंद्र सिंह, वाणी भूषण बडोनी, आरती, मुकेश लाल, दयाराम बडोनी, लक्ष्मी प्रसाद, पदमा देवी, सरिता देवी आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

# श्रीनगर ने चमोली और व टिहरी ने पौड़ी को पराजित किया

श्रीनगर गढ़वाल : सीडीएस स्व. विपिन रावत स्टेडियम में गुरूवार को श्रीनगर ने 7 विकेट से चमोली रॉयल्स और टिहरी थंडर्स ने पौड़ी लॉयन्स को 2 विकेट पराजित किया। मैन ऑफ द मैच लक्ष्य बिष्ट और बाबू राम चौधरी रहे।गढ़वाल क्रिकेट लीग का पहला मैच चमोली रॉयल्स और श्रीनगर की टीम के बीच खेला गया। चमोली रॉयल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 75 रन बनाए। टीम के लिए अजीत रावत ने 25 रन का योगदान दिया। श्रीनगर के लिए रेजी सिंह ने 3 और धर्मेंद्र नेगी, लक्ष्य बिष्ट और दिवाकर ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करती हुई श्रीनगर की टीम ने 12 ओवर में 76 रन बनाए। टीम के लिए लक्ष्य बिष्ट ने 39 रन बनाए। चमोली रॉयल्स के लिए पवन सुयाल ने 1 विकेट लिया। इस प्रकार श्रीनगर ने 7 विकेट से मैच जीता। मैन ऑफ द मैच लक्ष्य बिष्ट रहे। क्रिकेट लीग का दूसरा मैच मैच टिहरी थंडर्स और पौड़ी लॉयन्स के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पौड़ी लॉयन्स ने पहले बल्लेबाजी कर 17 ओवर में 89 रन बनाए। पौड़ी टीम के लिए कौशल सिंह ने 25 रन का योगदान दिया। टिहरी थंडर्स के लिए बाबू चौधरी और दीपांशु ने 3-3 विकेट लिए, लक्ष्य का पीछा करते हुए टिहरी थंडर्स की टीम ने 17 ओवर में 94 रन बनाए। टिहरी की तरफ से प्रथम शर्मा ने 24 रन बनाए। पौड़ी के लिए जगमोहन, अनुभव और कपिल ने 2-2 विकेट लिए। टिहरी थंडर्स ने 2 विकेट से मैच जीता। मैन ऑफ द मैच बाबू राम चौधरी रहे। मैच में जीसीएल सचिव कुलवीर उनियाल, मनीष कोठियाल, प्रमोद राणा, यशीष, संजय आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## विज्ञान महोत्सव में बाल वैज्ञानिकों ने दिखाई प्रतिभा

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिला स्तरीय इन्सपायर अवार्ड एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता राजकीय इंटर कॉलेज पौड़ी में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शुरू हो गई है। प्रतियोगिता के पहले दिन पौड़ी, कोट, खिर्सू, पाबौ, कल्जीखाल, जयहरीखाल, एकेश्वर व पोखड़ा के बाल वैज्ञानिको ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि ने बच्चों से वैज्ञानिक दृष्टिकोण से जीवन में आगे बढ़ने की अपील की। मुख्य अतिथि बीजीआर परिसर पौड़ी के निदेशक प्रो. प्रभाकर बडोनी ने बच्चों के प्रयासों व उनके मार्गदर्शक शिक्षिकों की सराहना की। उन्होंने बाल वैज्ञानिको को शुभकामनाएं देते हुए अपने संस्थान व अपने व्यक्तिगत प्रयासों से हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। मुख्य शिक्षा अधिकारी पौड़ी डा. आनंद भारद्वाज ने प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता सीबी रमन को याद करते हुए प्रत्येक बच्चों को उनसे अभिप्रेरित होते हुए शिक्षकों से छात्रों में विज्ञान के प्रति अभिरूचि पैदा करने के लिए और अधिक प्रयास करने पर जोर दिया। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक रामेंद्र कुशवाह, स्थलीय संयोजक बिमल चंद्र बहुगुणा, समंवयक देवेंद्र सिंह रावत, निर्णायक नवेंद्र सिंह नेगी, मुकेश रावत, गरिमा, महेंद्र रौथाण, रीना रावत, केशर सिंह असवाल, योगंबर सिंह नेगी, जगमोहन कठैत, दौलत सिंह गुसाई, अजय बिष्ट आदि शामिल थे। संचालन भवान सिंह नेगी व जयदीप रावत द्वारा सयुंक्त रूप से किया गया।

## पीएम की माँ के स्वास्थ्य लाभ के लिए की पूजा

श्रीनगर गढ़वाल : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता के स्वास्थ्य लाभ के लिए कमलेश्वर महादेव मंदिर में प्रातः काल का प्रथम अभिषेक किया गया। इस मौके पर महंत आशुतोष पुरी ने कहा कि पूजा में शिव भक्तों ने शामिल होकर जल्द से जल्द प्रधानमंत्री मोदी की मां के स्वास्थ्य लाभ के लिए भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना की। इस मौके पर मोहन सिंह मेवाड़, शैलेश रावत, जगदीश नैथानी, विक्रम सिंह कुंवर, गणेशी देवी, रीना रावत, रमेश पोखरियाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## श्रीनगर बढ़ी ठंड

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीनगर में गुरुवार को आसमान में दिन भर बादल छाए रहे। जिससे मौसम में भारी ठंडक रही। ठंड होने से लोग घरों में ही दुबके रहे। बाजार में ठंड के कारण लोगों की चहलकदमी काफी कम रही। जिसका असर व्यापार पर भी पड़ा। ठंड बढ़ने से लोगों को घरों एवं बाजारों में अलाव का सहारा लेना पड़ा। (एजेंसी)

# मंडुआ उत्पादन करने वाले किसानों को मिलेगा लाभ

## केन्द्र सरकार ने दी मंडुआ के प्रोक्योरमेंट की अनुमति

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भारत सरकार द्वारा मोटे अनाज (मण्डुआ) के प्रोक्योरमेंट की अनुमति दिये जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा मोटे अनाज (मण्डुआ) के 0.096 लाख मीट्रिक टन की प्रोक्योरमेंट की अनुमति मिलने से राज्य में मिलेट (मोटा अनाज) उत्पादन करने वाले किसानों को बड़ा लाभ मिलेगा। मण्डुवा, पौष्टिकता से भरपूर होता है। किसानों से खरीद कर मिड डे मील और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से बच्चों और लोगों को उपलब्ध कराया जा सकेगा। इससे राज्य के किसानों की आय में बढ़ोत्तरी तो होगी ही साथ ही स्कूलो के बच्चों और जरूरतमंदों को पोष्टिक आहार भी मिलेगा। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने



इसी महीने भारत सरकार के सार्वजनिक वितरण मंत्रालय को फसल वर्ष 2022-23 के मोटे अनाज के प्रोक्योरमेंट के लिए प्लान प्रेषित किया गया था। भारत सरकार ने उत्तराखण्ड के प्रोक्योरमेंट प्लान को स्वीकार करते हुए मोटे अनाज के 0.096 लाख मीट्रिक टन के प्रोक्योरमेंट की अनुमति दी है। यह प्रोक्योरमेंट भली भांति हो, इसके लिए खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग, मंडी परिषद, सहकारी समितियों, महिला एवं बाल विकास विभाग और शिक्षा विभाग को आपसी समन्वय से काम करने के निर्देश दिये गये हैं। इसमें जिलाधिकारियों की विशेष भूमिका रहेगी। मण्डुवा के प्रोक्योरमेंट की यह अनुमति फसल वर्ष 2022-23 के लिए दी गई है। मण्डुवा का न्यूनतम समर्थन मूल्य 3574 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित है।

यह राज्य सरकार द्वारा पर्वतीय क्षेत्रों के कृषकों की आमदनी बढ़ाने हेतु अभिनव प्रयास सिद्ध होगा। प्रथम चरण में राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में पायलेट योजना के अन्तर्गत जनपद अल्मोड़ा एवं पौड़ी के कृषकों से निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मण्डुवा खरीद योजना लागू की जायेगी। क्रय किये गये मण्डुवा को प्रथम चरण में राज्य के मैदानी जनपद ऊधमसिंहनगर, हरिद्वार एवं देहरादून तथा नैनीताल जनपद के मैदानी क्षेत्रों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत वितरित किया जायेगा। इस योजना से उक्त जनपदों के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के लगभग 8 लाख परिवार लाभान्वित होगें जिनको प्रतिमाह / प्रतिकार्ड 01 किग्रा मण्डुवा निःशुल्क वितरित किया जायेगा। राज्य के पर्वतीय जनपदों में मण्डुवा का क्रय सहकारिता विभाग द्वारा जनपद अल्मोड़ा में संचालित 20 क्रय केन्द्रों एवं जनपद पौड़ी में 11 क्रय केन्द्रों पर क्रय कर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा इसका वितरण पात्र लाभार्थियों को किया जायेगा। प्रथम चरण में 9600 मी. टन मण्डुवा क्रय किये जाने की कार्ययोजना को क्रियान्वित किया जा रहा है।

इस योजना के क्रियान्वयन में सरकार पर लगभग 45 करोड़ व्ययभार आयेगा।

# पौड़ी की समस्याओं के निस्तारण की मांग की

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : नागरिक कल्याण मंच एवं जागरूक विकास समिति ने पौड़ी में पर्यटन की गतिविधियां संचालित करने सहित विभिन्न समस्याओं के निस्तारण की मांग की। इस सम्बन्ध में समिति के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रचार-प्रसार के अभाव में पर्यटकों को शहर के पर्यटक स्थलों की जानकारी नहीं मिल पा रही है। जिसका खामियाजा पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों को भुगतना पड़ रहा है। गुरुवार को नागरिक कल्याण मंच एवं जागरूक विकास समिति के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी से मुलाकात की। इस दौरान पदाधिकारियों ने कहा कि दिसंबर से जनवरी महीने तक कंडोलिया टेका मार्ग से सूर्यास्त के समय विंटर लाइन का मनोरम दृश्य दिखता है, लेकिन प्रचार-प्रसार की कमी से यह पर्यटको तक नहीं पहुंच पा रहा है। समिति के पदाधिकारियों ने कंडोलिया रोड पर स्थित जिला पुस्तकालय को पुराने डीएम भवन में स्थानांतरित करने, पुराने डीएम कार्यालय को संग्रहालय के रूप में स्थापित करने, डीएम कार्यालय के बाहर लोगों के बैठने के लिए पार्क बनाने, गांधी मैदान में पालिका द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाते हुए बच्चों को खेलने के लिए सुविधा दिए जाने की मांग की है। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष रघुबीर सिंह रावत, विनोदानंद बड़थ्वाल, ठाकुर सिंह रावत, पुष्कर रावत, प्रशांत नेगी, अनीता रावत, रोशनी सिंह, अंजू चौहान, विजयपाल सिंह नेगी, मकान सिंह, नरेश नौड़ियाल, नीमा कुकरेती, गिरीश बड़थ्वाल, आलम सिंह रावत, नरेश नौड़ियाल आदि शामिल थे।

## मुआवजा नहीं मिलने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश, दिया तहसील मुख्यालय में धरना

विकासनगर। साहिया और आसपास के गांवों में बीते सितंबर महीने में आई प्राकृतिक आपदा में हुए नुकसान का मुआवजा नहीं मिलने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। गुरुवार को ग्रामीणों ने चकराता विधायक प्रीतम सिंह के साथ तहसील मुख्यालय में धरना देकर प्रदेश सरकार पर उत्पीड़न का आरोप लगाया। गुरुवार को चकराता विधायक प्रीतम सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। विधायक प्रीतम सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार साजिश के तहत चकराता विधानसभा की जनता का उत्पीड़न कर रही है। प्राकृतिक आपदा में ग्रामीणों को भारी नुकसान झेलना पड़ा। कई आवासीय भवन और छानियां जमींदोज हो गई थीं। इसके साथ ही ग्रामीणों के मवेशी और खेत बाढ़ के सैलाब में बह गए थे। प्राकृतिक आपदा ने ग्रामीणों से उनका आशियाना और आजीविका के साधन छीन लिए। बावजूद इसके सरकार ग्रामीणों को मुआवजा नहीं दे रही है। कहा कि प्रदेश सरकार कांग्रेस विधायकों की विधानसभा के साथ भेदभाव कर रही है।

## 18 केंद्रों पर होगी राजस्व उप निरीक्षक परीक्षा

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : राजस्व उप निरीक्षक (पटवारी/लेखपाल) परीक्षा आगामी 8 जनवरी 2023 को सम्पन्न होगी। जनपद में परीक्षा के लिए 18 केन्द्र बनाए गए है। जिला मजिस्ट्रेट हिमांशु खुराना ने सभी परीक्षा केन्द्रों पर प्रधानाचार्य/परीक्षा केन्द्र पर्यवेक्षक/केन्द्र प्रभारी को कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त करते हुए उन्हें सभी शक्तियां प्रदान की है। जिनका वह अपने परीक्षा केन्द्रों की सीमा के अन्तर्गत क्षेत्रों में उपयोग कर सकेंगे। जिला मजिस्ट्रेट ने सभी नियुक्त कार्यपालक मजिस्ट्रेट को अपने परगना अन्तर्गत परीक्षा को त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु परीक्षा केन्द्र की 200 मीटर की परिधि में दंड संहिता की धारा-144 यथासमय लगाते हुए निषेधाज्ञा लागू करने के भी आदेश जारी किए है।

# प्रशासन ने ध्वस्त किया अवैध अतिक्रमण



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने सभी उप जिलाधिकारियों को अपने क्षेत्रों में अतिक्रमण पर कड़ी निगरानी रखने एवं अतिक्रमण होने की स्थिति में उचित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। गुरूवार को प्रशासन की टीम ने अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई की।

उप जिलाधिकारी जितेंद्र वर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में गिंवाड़ी गांव के नजदीक एनआरएलएम बैकरी पार्किंग में किए गए अतिक्रमण के खिलाफ जिला प्रशासन ने बड़ी कार्यवाही करते हुए किए गए अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया। उन्होंने बताया कि चोपता-तुंगनाथ मोटर मार्ग में भी अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। इस मौके पर कानूनगो जयकृत सिंह रावत, राजस्व उप निरीक्षक गोविंद लाल आदि सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# पीएम की माँ के स्वास्थ्य लाभ हेतु चारों धामों में विशेष पूजा

चमोली : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता हीराबेन के स्वास्थ्य लाभ के लिए बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री-यमुनोत्री के शीतकालीन पूजा स्थलों सहित विभिन्न अधीनस्थ मंदिरों में पूजा-अर्चना एवं अभिषेक संपन्न करवाया। बीकेटीसी के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बताया कि ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में अभिषेक पूजा के उपरांत प्रार्थना की गयी।

इसी तरह श्री नृसिंह मंदिर जोशीमठ तथा योग बदरी पांडुकेश्वर में मां हीराबेन के स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रार्थनाएं हुई। इसके अलावा विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी, प्रसिद्ध शक्तिपीठ कालीमठ, श्री त्रियुगीनारायण मंदिर, श्री मर्केटेश्वर मंदिर मक्कूमठ सहित मंदिर समिति के अधीनस्थ मंदिरों में प्रार्थना की गयी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की माता के सुदीर्घ जीवन की कामना की गई। मंदिर समिति मीडिया प्रभारी डा.हरीश गौड़ ने बताया कि बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय के निर्देश पर मुख्य कार्याधिकारी योगेन्द्र सिंह ने पूजाएं संपन्न करवाने के आदेश जारी किये। कहा कि गुरुवार को नृसिंह मंदिर जोशीमठ में बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार सहित अधिशासी अभियंता अनिल ध्यानी, नृसिंह, पुजारी हनुमान प्रसाद डिमरी अभिषेक में शामिल हुए तथा मंदिर अधिकारी राजेन्द्र चौहान ने समन्वयन किया। योग बदरी पांडुकेश्वर में पुजारी परमेश्वर डिमरी, नवीन भंडारी पूजा ने पूजा संपन्न करवायी। इसी तरह ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में कार्याधिकारी आरसी तिवारी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी राजकुमार नौटियाल, पुजारी शिवशंकर लिंग, पुजारी टी गंगाधर लिंग तथा मां कालीमाई मंदिर कालीमठ में वेदपाठी रमेश भट्ट, प्रबंधक प्रकाश पुरोहित मठापति अब्बल सिंह राणा सहित गुप्तकाशी में पुजारी शशिधर लिंग, वेदपाठी स्वयंबर सेमवाल ने पूजा संपन्न करवायी। (एजेंसी)

## गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश उत्सव पर गुरुद्वारों में हुआ शबद कीर्तन

विकासनगर। सिख धर्म के दसवें गुरु धन धन श्री गुरु गोविंद सिंह जी साहिब का 354 वां पावन प्रकाश उत्सव गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा अजीत नगर में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। गुरुद्वारा में हजूरी रागी दस्ते ने शबद, कीर्तन कर संगत को निहाल किया। सचखंड श्री अमृमसर साहिब के हजूरी रागी ने बड़े ही रस भरे कीर्तन से गुरु के आदर्शों का बखान किया। इस दौरान जो बोले सो निहाल, सतश्री अकाल के नारों से गुरुद्वारा गुंजायमान होता रहा।

## भाजपाईयों ने चलाया दूनमार्ग पर स्वच्छता अभियान

ऋषिकेश। उत्तराखंड भाजपा के प्रदेश प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू के जन्मदिन पर क्षेत्रीय विधायक और मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने श्रमदान किया। अग्रवाल ने कहा कि भाजपा संगठन विश्व का सबसे बड़ा संगठन हैं। यहां हर कार्यकर्ता का सम्मान होता है। इस दौरान मंत्री ने रेंजर बड़कोट को फ़ोनकर गंदगी न फैलाने संबंधी स्लोगन बोर्ड लगाने के निर्देश भी दिए। मंत्री ने कहा कि दुष्यंत गौतम और श्याम जाजू संगठन के सच्चे सिपाही हैं। इस मौके पर अरविंद चौधरी, सुमित पंवार, वीरेंद्र रमोला, विवेक शर्मा, सहायक नगर आयुक्त रमेश रावत, नंदू प्रधान, नितिन सक्सेना, प्रिंस सक्सेना, रोहित नौटियाल, पुनीता भंडारी, निर्मला उनियाल, आरती दुबे, सुनील यादव, तिलक चौहान, निर्भय गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# प्रतापनगर विधायक ने वाटर स्पोर्ट्स कप को बताया दिखावा

नई टिहरी : टिहरी बांध की झील पर चल रहे वाटर स्पोर्ट्स कप को प्रतापनगर विधायक ने दिखावा बताया है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा मंत्री ने डैम टॉप से 24 घंटे आवाजाही की मांग के बदले मात्र एक घंटा और बढ़ाने की घोषणा से लोगों निराशा बनी है।

गुरुवार को प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने पत्रकार वार्ता में कहा कि टिहरी लोग और जनप्रतिनिधि लंबे समय से टिहरी डैम टॉप के ऊपर से 24 घंटे वाहनों की आवाजाही की मांग करते आ रहे थे। आठ माह पूर्व केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने डैम के ऊपर से वाहनों आवाजाही का समय 24 घंटे करने की बात कही थी, लेकिन बीते बुधवार को वाटर स्पोर्ट्स कप के संबोधन के दौरान उन्होंने डैम टॉप के ऊपर से वाहनों की आवाजाही एक घंटे बढ़ाने की घोषणा की है, जिससे स्थानीय लोगों के हाथ निराशा लगी है। बताया कि बाध प्रभावितों की समस्याओं को लेकर उन्होंने भागीरथी पुरम में केंद्रीय ऊर्जा सचिव से भी भेंट कर प्रभावितों की समस्याओं का समाधान की मांग की है। साथ ही डोबरा चांठी पुल पर अतिरिक्त जाली लगाने, एक ओर स्थाई बोटिंग प्वांट बनाने, झील की आसपास की जमीन स्थानीय युवाओं को लीज पर देने, टिहरी बांध से होने वाली कमाई का उत्तर प्रदेश को दी जाने वाली 25 प्रतिशत हिस्सेदारी उत्तराखंड को दिए जाने की मांग भी ऊर्जा सचिव के समक्ष रखी है। कहा कि टीएचडीसी रोजगार के क्षेत्र में स्थानीय युवाओं का उपेक्षा कर रही है। उन्होंने ऊर्जा सचिव से समय समय पर टिहरी झील की सफाई करने की मांग भी की है। उन्होंने कहा कि जब भी प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी तो कर्मचारियों के हितों के मद्देनजर सबसे पहले पुरानी पेंशन बहाली की जाएगी। उन्होंने सरकार से अंकित भंडारी मामले में उस वीआईपी का नाम उजागर करने की मांग भी की है, जिसके नाम से रिजॉर्ट में कमरा बुक था। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राकेश राणा, प्रदेश प्रवक्ता शांति प्रसाद भट्ट, विजय गुनसोला, दर्शनी रावत, देवेन्द्र नौडियाल, मर्शरफ अली, किशोर मंद्रवाल, मान सिंह रौतेला, कुलदीप पंवार, कुशीलाल, मुरारीलाल खंडवाल, लखवीर चौहान आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## 3 जनवरी से अलकनंदा झूला पुल खोलने की मांग को करेगें आंदोलन

नई टिहरी : अलकनंदा झूला पुल को बंद किये जाने से बढ़ी मुश्किलों पर नगर वासियों ने तत्काल इसको खोलने की मांग की है। नगर पालिका अध्यक्ष डीएम पौड़ी को पत्र भेज कर आगामी 2 जनवरी तक पुल को आवाजाही के लिए खोलने की मांग दोहरायी है। उन्होंने तत्काल पुल नहीं खोले जाने पर 3 जनवरी से आंदोलन व चक्का जाम की चेतावनी दी है। टिहरी पौड़ी जिले को जोड़ने वाले अलकनंदा झूला पुल को लोनिवि की ओर से आवाजाही के लिए खतरा मानते बीते 3 दिसम्बर को दोनों ओर दीवार लगाकर बंद कर दिया था। जिसके बाद नगर पालिका बोर्ड व जनप्रतिनिधियों ने 9 दिसम्बर को पुल बंद किये जाने का डीएम पौड़ी के कार्यालय पहुंचकर विरोध जताया। साथ ही पुल जल्दी नहीं खोले जाने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी गयी थी। पालिका अध्यक्ष केके कोटियाल के अनुसार प्रशासन की ओर से अभी तक पुल खोले जाने को लेकर कोई कारवाही नही की गयी है।

नगर वासियों ने आगामी 2 जनवरी तक हर हाल में अलकनंदा पुल आवाजाही के लिए खोले जाने की मांग की है। डीएम पौड़ी को भेजे गए पत्र में पालिकाध्यक्ष ने कहा कि 3 जनवरी को पौड़ी देवप्रयाग मार्ग पर नगरवासी चक्का जाम करेंगे।

## सम्पादकीय

# आतंकी हमले की साजिश

कश्मीर घाटी में सुरक्षाबलों ने आतंकी हमले का एक बड़ा प्रयास विफल करते हुए 4 आतंकियों को ढेर कर दिया है। इन लोगों के मंसूबे नव वर्ष एवं गणतंत्र दिवस पर बड़े आतंकी हमले करने के थे। भारत में पड़ोसी देशों से समर्थित आतंकवाद पर नियंत्रण पाने के लिए पिछले तीन दशकों से प्रयास किए जा रहे हैं लेकिन देश के अलग-अलग राज्यों में सक्रिय आतंकी संगठन इन प्रयासों को पलीता लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। यह भी सत्य है कि पूर्व की सरकारों में आतंकी संगठनों के खिलाफ बढ़ती गई कार्रवाई कोई बहुत अधिक दमदार नहीं रही जिस कारण घाटी से लेकर पूर्वोत्तर क्षेत्रों में अराजक ताकतें सिर उठाती रही। थाना की पिछले कुछ वर्षों में बहुत कुछ बदला है और आतंकियों का नाश करने के लिए सरकार की ओर से सुरक्षा बलों को भी व्यापक अधिकार दिए गए हैं। इन अधिकारों को प्रयोग करते हुए सुरक्षाबलों ने निश्चित तौर पर कई बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं विशेष्य कश्मीर घाटी में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों के खिलाफ एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। भारत ने आतंकियों को ठिकाने लगाते हुए घाटी में शांति व्यवस्था बनाने का प्रयास किया है लेकिन उसकी एक बड़ी कीमत है अपने जवानों को खोकर चुकानी पड़ी है। इधर अब यह जरूरी हो गया है कि आतंकवादियों का एक पूरा डाटा बेस तैयार हो जिससे कि विश्व को आतंकी मंसूबों से बचाया जा सके। भारत में इसकी तैयारियां शुरू कर दी है और इसके तहत आतंकियों का डेटाबेस तैयार किया जा रहा है। इस डेटाबेस में मादक पदार्थ हो वह हत्यारों की तस्करी से लेकर नकली नोट के कारोबार एवं हवाला से जुड़े अपराधियों का भी डाटा तैयार होगा। आतंकवादियों के खिलाफ की जाने वाली कार्रवाई को लेकर एक सबसे बड़ी बाधा मानव अधिकार संगठनों को लेकर भी है जो अक्सर हकीकत को दरकिनार कर ऐसे लोगों का समर्थन करते हुए नजर आए हैं जो समाज के लिए घातक साबित हो गए हैं। विश्व मानव अधिकार संगठन भारत में होने वाली गतिविधियों पर तो नाराजगी व्यक्त करते हैं लेकिन खुद उनके देशों में किस प्रकार मानव अधिकार तार तार किए जा रहे हैं उस पर मौन साध लेते हैं। निश्चित तौर पर यह दोगला व्यवहार है। अब भारत सरकार का रवैया पूरी तरह से बदल चुका है और आतंकियों का समूल नाश करने के लिए रणनीति तैयार कर ली गई है। सुरक्षाबलों पर हमला करने के बाद निंदा नहीं बल्कि त्वरित कार्रवाई की जाती है जिसके परिणाम आए दिन नजर आ रहे हैं। कश्मीर घाटी में सुरक्षाबलों पर हमलों के बाद आतंकियों को भी नष्ट किया जाता है। एक लंबी मेहनत के बाद घाटी में आतंकवाद पर नियंत्रण करने में सफलता मिली है लेकिन बावजूद इसके सीमा पार से आतंकी षड्यंत्र के मन सुबह तैयार किए जा रहे हैं।

# चीन में कोरोना : डर की बात कितनी

**डा. गोडसे अपनी बात दोहराते हुए यह भी कहते हैं कि जैसा दावा उन्होंने कोविड के ओमिक्रोन वेरिएंट को लेकर किया था, जो सच साबित हुआ। ठीक उसी तरह वे इस नये वेरिएंट को लेकर भी आश्वस्त हैं कि भारत पर इसका कोई बहुत बड़ा असर नहीं दिखाई देगा। अब इस वेरिएंट को रोकना किसी के लिए भी संभव नहीं है। ड. गोडसे मानते हैं कि कोविड का ओमिक्रोन वेरिएंट भारत में वरदान साबित हुआ क्योंकि उससे देश भर में ईड इम्युनिटी हुई। कोविड के ओमिक्रोन ने कोविड के खिलाफ ही वैक्सीन का जैसा काम किया है। वे कहते हैं कि देश में जो भी लोग कोविड के प्रति श्हाई रिस्क की श्रेणी में आते हैं, उन्हें संभल कर रहने की जरूरत है। वे सभी सावधानियां बरतें और सुरक्षित रहें। एक शोध से पता चला है कि ओमिक्रोन मडीफाइड वैक्सीन लेने से बचाव हो सकता है। भारत में कोरोना की मैसेंजर राइबोज न्यूक्लिक एसिड वैक्सीन को 15 दिसम्बर, 2021 तक आना था, परंतु उसका अभी तक कुछ पता नहीं। इस वैक्सीन को पुणो की जेनोवा बायोफार्मास्यूटिकल्स ने बनाया है। ड. गोडसे पूछते हैं कि जब यह बात शोध से सिद्ध हो चुकी है कि कोरोना अपने रूप बदल कर हमला कर रहा है, तो वैक्सीन में भी बदलाव क्यों नहीं किए जा रहे?**



**विनीत नारायण**

पिछले कुछ दिनों से चीन में कोरोना की नई लहर को लेकर भयावह दृश्य सामने आए हैं। कोरोना के नए वेरिएंट ने चीन में अपना आतंक दिखाना शुरू कर दिया है।

कई और देशों में भी इस नये वेरिएंट के मरीज पाए गए हैं। दुनिया भर में डर का माहौल बना हुआ है। भारत समेत कई देशों ने कोरोना के इस नये जिन्न से निपटने के लिए सभी सावधानियां बरतनी शुरू कर दी हैं। सभी राज्यों के मुख्यमंत्री और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जनता से सतर्क रहने की अपील कर रहे हैं। सबके मन में प्रश्न है कि नए वेरिएंट से कितना डरना चाहिए?

सोशल मीडिया पर चीन में आई कोरोना की नई लहर से ऐसे आंकड़े सुनने को मिल रहे हैं कि इस लहर में दस लाख से अधिक लोगों की मौत हो सकती है। चीन की 60 प्रतिशत आबादी इसकी चपेट में आ जाएगी। यह भी कि दुनिया भर की 10 प्रतिशत आबादी इस नई लहर का शिकार हो जाएगी। ये सब दावे कितने सच्चे हैं, इस पर कोई भी आधिकारिक बयान किसी सरकार द्वारा अभी तक नहीं दिया गया है। चीन ने तो अब आंकड़े जारी करना ही बंद कर दिया है। 1995 से अमेरिका के पेंसिलवेनिया में डाक्टरी कर रहे, आंतरिक चिकित्सा विशेषज्ञ ड. रवींद्र गोडसे के अनुसार भारत को नई लहर से घबराने की कोई जरूरत नहीं है। देश भर के कई टीवी चौनलों की चर्चाओं में ड. गोडसे ने इस बात पर जोर देते हुए कहा है कि न तो भारत में यह नई लहर आएगी और न ही यहां इसका कोई भारी असर पड़ेगा। वे कहते हैं कि चीन ने अपने यहां पनपे इस खतरनाक वायरस से निपटने के लिए अत्यधिक सावधानी बरती परंतु इस घातक वायरस से टुटकारा नहीं पा सका। उदाहरण के तौर पर चीन में तीन साल तक लकडाउन रहा। इक्कीस बार टेस्टिंग की गई। बावन दिनों का क्वारंटाइन किया गया लेकिन इस सब से क्या हुआ? फिर भी वहां नई लहर आ ही गई।

डा. गोडसे अपनी बात दोहराते हुए यह भी कहते हैं कि जैसा दावा उन्होंने कोविड के ओमिक्रोन वेरिएंट को लेकर किया था, जो सच साबित हुआ। ठीक उसी तरह वे इस नये वेरिएंट को लेकर भी आश्वस्त हैं कि भारत पर इसका कोई बहुत बड़ा असर नहीं दिखाई देगा। अब इस वेरिएंट को रोकना किसी के लिए भी संभव नहीं है। ड. गोडसे मानते हैं कि कोविड का ओमिक्रोन वेरिएंट भारत में वरदान साबित हुआ क्योंकि उससे देश भर में ईड इम्युनिटी हुई। कोविड के ओमिक्रोन ने कोविड के खिलाफ ही वैक्सीन का जैसा काम किया है। वे कहते हैं कि देश में जो भी लोग कोविड के प्रति श्हाई रिस्क की श्रेणी में आते हैं, उन्हें संभल कर रहने की जरूरत है। वे सभी सावधानियां बरतें और सुरक्षित रहें। एक शोध से पता चला है कि ओमिक्रोन मडीफाइड वैक्सीन लेने से बचाव हो सकता है। भारत में कोरोना की मैसेंजर राइबोज न्यूक्लिक एसिड वैक्सीन को 15 दिसम्बर, 2021 तक आना था, परंतु उसका अभी तक कुछ पता नहीं। इस वैक्सीन को पुणो की जेनोवा बायोफार्मास्यूटिकल्स ने बनाया है। ड. गोडसे पूछते हैं कि जब यह बात शोध से सिद्ध हो चुकी है कि कोरोना अपने रूप बदल कर हमला कर रहा है, तो वैक्सीन में भी बदलाव क्यों नहीं किए जा रहे?

जैसे ही चीन में लंबे लकडाउन के बाद जनता को बाहर आने दिया गया तभी से वहां कोरोना की नई लहर आई। इसका मतलब यह हुआ कि लकडाउन से कोरोना पर लगाम नहीं लगाई जा सकी। इसके साथ ही यह बात भी कही जा रही है कि जिन लोगों के शरीर में रोग से लडने की क्षमता कम है, या जो लोग श्हाई रिस्क के दायरे में आते हैं, पहले उन पर सावधानी बरती जाए न कि सभी को लकडाउन और मास्क जैसे नियमों की बेडियों में जकड़ा जाए। सामान्य तौर पर स्वस्थ व्यक्ति को मास्क लगा लेने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। ड. गोडसे कहते हैं कि मास्क से कोविड की रोकथाम होती है, ऐसा कोई भी शोध उपलब्ध नहीं है। मास्क केवल डक्टर और अस्पताल में काम कर रहे अन्य लोगों को विभिन्न प्रकार के रोगियों के संपर्क में आने से होने वाले इन्फेक्शन से बचाता है।

इसके साथ ही ड. गोडसे इस बात पर भी जोर दे रहे हैं कि कोविड के इस नये प्रारूप से पहले की तरह न तो तेज बुखार आता है, और न ही यह हमारे शरीर में अक्सीजन की कमी होने देता है। केवल गले में खराश होती है और दो-तीन दिन में मरीज ठीक हो जाता है। उनके अनुसार इसलिए कोविड के इस नये अवतार से ज्यादा डरने के जरूरत नहीं है। केवल वो लोग जिन्हें पहले से ही कोई गंभीर बीमारी है वे जरूर पूरी सावधानी बरतें। हमें सचेत रहने की जरूरत है घबराने की नहीं। चीन में कोविड की नई लहर आने के पीटे वहां के बुरे प्रबंधन और वैक्सीन की गुणवत्ता हैं। यदि समय रहते चीन ने इस महामारी का सही से प्रबंधन किया होता तो यह प्रकोप दुनिया भर में नहीं फैलता। भारत जैसी आबादी वाले देश में यदि कोविड पर नियंत्रण पाया गया है, तो उसके पीटे यहां की आम जानता की प्रति से जुड़ी पारंपरिक दिनचर्या, वैज्ञानिकों की मेहनत और कुछ हद तक सरकार का सही प्रबंधन भी है। चीन के लंबे लकडाउन लगने से यह बात साबित हो चुकी है कि इस महामारी से घर में कैद हो कर नहीं बचा जा सकता। इसके लिए दवा और सावधानी, दोनों का प्रयोग ही बेहतर होगा।

ड. गोडसे कहते हैं कि कोविड के वायरस से ज्यादा हमें सोशल मीडिया पर चलाए जा रहे भ्रमित करने वाले मैसेज रूपी वायरस से बचने की जरूरत है। मिसाल के तौर पर सोशल मीडिया में ऐसा संदेश घूम रहा है कि कोविड का नया वायरस हवा से फैलता है। लेकिन आपके शरीर में कान, नाक और मुंह से नहीं प्रवेश नहीं करता, सीधा आपके फेफड़ों में घुसकर निमोनिया कर देता है। ड. गोडसे पूछते हैं कि यदि वायरस नाक और मुंह के रास्ते शरीर में प्रवेश नहीं करता तो फेफड़ों तक कैसे पहुंच सकता है? इसके साथ ही इस संदेश में यह भी कहा जा रहा है कि यह वायरस टेस्टिंग में नेगेटिव आता है परंतु आपके शरीर में रहता है। इस पर ड. गोडसे सवाल उठाते हैं कि जो वायरस जांच में पकड़ा नहीं जा सकता, वो कोविड का नया वायरस है, यह कैसे पता चलता है? ड. गोडसे के अनुसार ऐसे वायरस केवल सोशल मीडिया के माध्यम से ही फैलते हैं। इसलिए सचेत रहने के साथ-साथ ऐसे संदेशों से भी दूरी बनाए रखें और वायरस को फैलने से रोकें।

# कुछ विपक्षी नेता जुड़ेंगे यात्रा से!



उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में कांग्रेस की पुरानी सहयोगी समाजवादी पार्टी के नेता शामिल हो सकते हैं। सपा के साथ साथ उसकी सहयोगी राष्ट्रीय लोकदल के नेता भी इस यात्रा से जुड़ सकते हैं और जानकार सूत्रों का कहना है कि बिहार और झारखंड में कांग्रेस की सहयोगी राष्ट्रीय जनता दल व जनता दल यू के नेता भी दिल्ली में यात्रा में शामिल हो सकते हैं। बताया जा रहा है कि जिस तरह से तमिलनाडु, महाराष्ट्र आदि राज्यों में कांग्रेस की सहयोगी पार्टियां यात्रा में शामिल हुई थीं उसी तरह से उत्तर प्रदेश में भी होगा।

असल में कांग्रेस पार्टी ने उत्तर प्रदेश के कई विपक्षी नेताओं को यात्रा में शामिल होने का न्योता दिया है। समाजवादी पार्टी से अखिलेश यादव और शिवपाल यादव दोनों को न्योता दिया गया है और बहुजन समाज पार्टी से पार्टी की मुखिया मायावती और महासचिव सतीश चंद्र मिश्र को आमंत्रित किया गया है। इनके अलावा कांग्रेस ने भाजपा के नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा को भी यात्रा में शामिल होने का न्योता दिया है। गौरतलब है कि वे अभी लखनऊ यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर हैं।

सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के नेता ओमप्रकाश राजभर को भी कांग्रेस ने आमंत्रित किया है। बहरहाल, अभी तक किसी नेता ने यात्रा में शामिल होने या नहीं होने का ऐलान नहीं किया है।

इससे पहले जब कांग्रेस की यात्रा दिल्ली पहुंचने वाली थी तब राहुल गांधी ने सभी विपक्षी पार्टियों को चिाी लिख कर आमंत्रित किया था। लेकिन डीएमके की कनिमोझी को छोड़ कर विपक्ष का कोई भी नेता यात्रा में शामिल नहीं हुआ। वह निमंत्रण अब भी लंबित है। कहा जा रहा है कि तीन जनवरी को जब फिर दिल्ली से यात्रा शुरू होगी और गाजियाबाद होते हुए आगे बढ़ेगी तब कुछ विपक्षी पार्टियों के नेता इसमें शामिल हो सकते हैं। हो सकता है कि राजद और जदयू के नेता इसका हिस्सा बनें।

ध्यान रहे महाराष्ट्र में सहयोगी पार्टियों के बड़े नेता यात्रा में शामिल नहीं हुए थे। स्वास्थ्य कारणों से शरद पवार और उद्धव ठाकरे दोनों यात्रा से दूर रहे थे लेकिन पवार की बेटी सुप्रिया सुले व उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे यात्रा में शामिल हुए थे।

दूसरी विपक्षी नेता भी यात्रा से जुड़े थे और कांग्रेस की रैली में भी हिस्सा लिया था। उसी तरह कहा जा रहा है कि सपा से शिवपाल यादव और रालोद से भी कोई नेता यात्रा में शामिल हो सकता है। अगर राजद और जदयू यात्रा में शामिल होने का फैसला करते हैं तो दिल्ली में राज्यसभा सांसद मनोज झा और जदयू के राष्ट्रीय महासचिव केसी त्यागी यात्रा में शामिल हो सकते हैं। वैसे भी दिल्ली से निकल कर यात्रा गाजियाबाद और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में जाएगी, जो केसी त्यागी राजनीतिक कर्मभूमि रही है। यही इलाका राष्ट्रीय लोकदल के असर वाला भी है। तभी इस इलाके में राहुल की यात्रा के दौरान राजनीतिक हलचल ज्यादा रहने का अनुमान है।

# सरकार तुरंत दे ध्यान

क्रिप्टो का कारोबार एक पन्जी स्कीम से ज्यादा कुछ नहीं है। आरबीआई को इस बात का श्रेय देना होगा कि वह वर्षों से क्रिप्टो करेंसी को लेकर संदेह प्रकट करता रहा है। अब उसने उसे वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक खतरा बताते हुए उस पर प्रतिबंध की मांग की है।

भारतीय रिजर्व बैंक ने क्रिप्टो करेंसी के खतरे से सही समय पर आगाह किया है। उसने कहा है कि क्रिप्टो की वजह से अगला वित्तीय संकट आ सकता है। बैंक ने क्रिप्टो पर प्रतिबंध लगाये जाने की मांग की है। अब चूंकि ये मांग आरबीआई की तरफ से आई है, तो सरकार को इस पर तुरंत ध्यान देना चाहिए। अब तक के अनुभव से यह साफ हो गया है कि क्रिप्टो का कारोबार एक पन्जी स्कीम से ज्यादा कुछ नहीं है। इसमें लाखों लोग अपना धन गंवा चुके हैं। आरबीआई को इस बात का श्रेय देना होगा कि वह वर्षों से क्रिप्टो करेंसी को लेकर संदेह प्रकट करता रहा है। अब हालिया घटनाओं के आधार पर उसने उसे वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक खतरा बताते हुए उस पर प्रतिबंध की मांग की है।

रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि हाल ही में एफटीएक्स जिस तरह से बर्बाद हुआ, वह क्रिप्टो में निहित जोखिम का सबूत है। दास ने एक कार्यक्रम में कहा- दूसरे अन्य उत्पादों से अलग क्रिप्टो को लेकर हमारी मुख्य चिंता यह है कि बुनियादी रूप से इसकी कोई कीमत नहीं है। हमारा मानना है कि इसे प्रतिबंधित कर देना चाहिए क्योंकि। अगर आप इसके विनियमन की कोशिश करेंगे और इसे बढने देंगे तो, मेरे शब्दों पर ध्यान दीजियेरू अगला वित्तीय संकट निजी क्रिप्टो करंसी की वजह से आएगा। अब इससे ज्यादा साफ चेतावनी और क्या हो सकती है? भारतीय बाजार में क्रिप्टोकरंसी का प्रवेश करीब एक दशक पहले हुआ था। तब से भारतीय नियामकों की इस पर नजर रही है। 2018 में धोखाधड़ी के कई मामलों के बाद रिजर्व बैंक ने इस पर प्रतिबंध लगा दिया था। दो साल बाद सुप्रीम कोर्ट ने यह प्रतिबंध हटवाया और उसके बाद बाजार में उछाल आया। 2022 में इस कारोबार में होने वाले लाभ पर सरकार ने 30 प्रतिशत टैक्स लगा दिया। यानी एक तरह से इस कारोबार को कानूनी मान्यता दे दी गई। एफटीएक्स घोटाले के बाद यह व्यापार घट कर अपने पहले के आकार के दसवें हिस्से के बराबर रह गया है।

# तन्हाइयों में आजकल कुछ ख्वाब जलाता हूं!

**'दिल की भाी पर मैं जज्बात जलाता हूं'! 'तुमने किया था वादा हर शाम साथ गुजरेगी'! 'तेरे गम ऐ हिज्र में आंखों का आब जलाता हूं'!!**

**जगदीश सिंह सम्पादक**

**बदलते परिवेश में बिशेष आस्था के साथ जिस तरह के रास्ते पर आज की युवा पीढ़ी चल निकली उसका खामियाजा भी भुगतने लगी है!लेकिन सच के आईने में उसको अपनी धुंधली भविष्य की तस्वीर नहीं दिखाई दे रही है?।कमाई की ललचाई लो लिप्सा में संलिप्त आज की जनरेशन अपनों से विरक्तहोकर उनको अभिषप्त जीवन जीने को मजबूर कर दी है जिनके शानिध्य में पल बढकर आसमानी उड़ान पर खुशहाली का पंख फडफड़ा रही है!शायद उनको पता नहीं कि जिस बीज की नर्सरी डाल रहें है उसकी पैदावार भी जब तैयार होगी वह इससे भी अधिक जहरीली होगी!**

जिघ्न्द्गी का एक साल तमाम तजुर्बों के साथ बस चन्द दिनों में गुजर जायेगा!रह जायेगी गुजरे पलों की यादें जो कभी रुलाएगी कभी हंसाएगी!कल कल करती नदी की अविरल धारा के तरह जीवन का पल पल धीरे धीरे सरकते हुऐ चमकते सूरज की भांति अस्ताचल के तरफ बढ़ चला है।समय का सागर हिलोरे मार रहा है! मझधार में फंसी जिघ्न्द्गी की सफीना साहील की संगति पाने के लिए तमाम विसंगति को दर किनार कर मचल मचल कर लंगर डालने के फिराक में है! मगर हर डगर पर स्वार्थ के बादल झंझावात करते मुसलाधार वरस रहे हैं!हर तरफ तूफान है! गजब का उपर वाला ले रहा इम्तिहान है?कायनाती इन्तजामात में गमे हयात का कोई पूर्सा हाल नहीं है!हर कदम पर हर सांस सवाल है।बचपन की सुहानी यादें,जवानी की रंगीन रातें और बुढ़ापे में गमगीनियत लिए टूटती हसरतें, जख्मी जज्बातों के साथ तन्हाई में अश्रु धारा के आगोश में सिसकती रातों का मंजर खंजर सरीखे चुभता है? बदलता समाजआज तरक्की की बग्गी पर सवार तमाम सवालों को पीटे छोड़ते हुए आधुनिकता की रेस में बेखौफ फर्राटे भर रहा है।घर परिवार का साथ तभी तक है जब तक आसान राह उपलब्ध नहीं है!ज्योही जीवन के सफर में हमसफर की आमद में खुशामद शुरु हुई सब कुछ बदल जाता है!न कोई चाह,नअपनों की परवाह!एकाकी जीवन मुस्कराता गृहस्थी का उपवन,अपनी रास लीला अपना वृन्दा वन!गजब का परिवर्तन! इस मतलबी जहां में स्वार्थ से भरपूर सबका समर्थन?!दीर्घ जीवी आस के साथ बिस्वास के धरातल पर उपवास रहकर जिसने ख्वाबों की दुनियां बसाया पलक झपकते ही सब कुछ धाराशाई हो गया? जरा सोचिए उस बाग के मालिक की हालत क्या होगी- जिसके मेहनत जनून खून पसीने से सींच कर तैयार की गई बाग में फल आते ही तूफान आ गया!हर सांस में जिनकी सलामती की दुआ मांगी वहीं तमाशा बनाकर तमाशाई बन गया!------------

बदलते परिवेश में बिशेष आस्था के साथ जिस तरह के रास्ते पर आज की युवा पीढ़ी चल निकली उसका खामियाजा भी भुगतने लगी है!लेकिन सच के आईने में उसको अपनी धुंधली भविष्य की तस्वीर नहीं दिखाई दे रही है?।कमाई की ललचाई लो लिप्सा में संलिप्त आज की जनरेशन अपनों से विरक्तहोकर उनको अभिषप्त जीवन जीने को मजबूर कर दी है जिनके शानिध्य में पल बढकर आसमानी उड़ान पर खुशहाली का पंख फडफड़ा रही है!शायद उनको पता नहीं कि जिस बीज की नर्सरी डाल रहें है उसकी पैदावार भी जब तैयार होगी वह इससे भी अधिक जहरीली होगी! उस वक्त केवल गुजरा वक्त परित्यक्त लोगों की यादों में अश्कों की वर्षात करेगा!मगर कोई साथ नहीं होगा!वहीं तन्हाई हंसी उडायेगी जिस तन्हाई को बेदर्दी से खुद के जन्मदाता के हिस्से में जबरीया डाल गए थे?आज जीवन का अनमोल समय जो गुजर रहा है फिर कभी नहीं आयेगा!हर कोई प्रारब्ध से उपलब्ध जिन्द्गी को अपने तरीके से जी रहा है!लेकिन फर्ज के दर्द में हमदर्द कोई नहीं है?-लोग साल के बदलने पर जश्न मनाने की तैयारी में है!वहीं नव वर्ष में उत्कर्ष की अभिलाषा तो कहीं नहीं दिखती लेकिन दहशत करोना की महामारी से है जो नववर्ष के साथ ही इस वर्ष फिर आ रही है? नए साल की सुखद अनुभूति हो न हो करोना से दुर्गति अवश्यंभावी है।?सावधान रहें सतर्क रहें- यह ऐसा सार्वभौम शब्द है जिसकी जरूरत हर सूरत में हर मुहूरत में है।वक्त बेताज बादशाह हैं इसकी चाल कोई नहीं समझ पाया है। जब तक सांस है मालिक पर बिश्वास कर आज को जीए कल किसने देखा है--!

सबका मालिक एक साईं राम

# वर्ष 2023 : सार्थकता की तलाश

**भारत डोगरा**

वर्ष का समय आशा और उम्मीद का समय होता है। चाहे समस्याएं कितनी भी रहें, हम यही सोचना चाहेंगे कि नया वर्ष समस्याओं के समाधान को लेकर आए, भविष्य के लिए अच्छा संदेश लेकर आए।

यह हम अपने लिए भी सोचते हैं, अपने परिवार व प्रियजनों के लिए भी तथा सारी दुनिया के लिए भी। वर्ष का आरंभ ऐसा समय भी है जब हम तन-मन से कई तरह की अच्छी शुरुआत के लिए, कई शुभ संकल्पों के लिए अधिक तत्पर व तैयार होते हैं। मेहनत और निष्ठा के बल पर क्या हम वह लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं जो बहुत महवपूर्ण तो है पर पीटे टूटता जा रहा है?

क्या हम ऐसी किसी बुरी आदत या व्यसन से इस नये वर्ष में टुटकारा प्राप्त कर लेंगे, जिससे पीछा टुड़ाना बहुत समय से चाह रहे हैं?

इस तरह की सोच नये वर्ष में अधिक उमड़ती है और हम नये संकल्पों के लिए तैयार होते हैं। चाहे ऐसे सभी संकल्प हम पूरे न कर पाते हों, तो भी नये वर्ष का समय इस तरह के निर्णयों के लिए अधिक अनुकूल होता है और कई बार तो इन संकल्पों से बहुत बड़ी उपलबि वास्तव में प्राप्त हो जाती है। इस आशावादी नजरिए से देखें तो तमाम कठिनाइयों व अवरोधों के बावजूद, हम में से अधिकतर के पास अपने जीवन को बेहतर करने की, व उससे भी बड़ी बात यह है कि अपने जीवन के सुधार को दुनिया के, समाज के सुधार से जोडने की बहुत सी संभावनाएं मौजूद हैं।

आज सामाजिक स्तर पर इस तरह की सोच की बहुत जरूरत है कि घोर व्यक्तिवाद के इस युग में भी अधिक लोग अपनी प्रगति व बेहतरी का सामंजस्य पूरी दुनिया की प्रगति व बेहतरी से बनाने का प्रयास करें व इस दृष्टि से ही सोचने-समझने की प्रवृत्ति विकसित करें। आधुनिकता की मिथ्या समझ व प्रचार-प्रसार के असर में अनेक व्यक्ति शराब व अन्य नशे के आदि हो जाते हैं। इस नशे को छोडना एक ओर उनके स्वास्थ्य की रक्षा व उनके तथा उनके परिवार की भलाई के लिए जरूरी है, पर दूसरी ओर इससे समाज की भलाई और पर्यावरण की रक्षा भी जुड़ी है। शराब सामाजिक स्तर पर हिंसा, अपराध और दुर्घटनाओं का एक बहुत बड़ा कारण है और साथ में इसके उत्पादन की प्रक्रिया में बहुत पर्यावरण विनाश भी होता है।




इस तरह जो लोग नशा छोड़ते हैं वे अपनी और अपने परिवार की भलाई के साथ समाज की भलाई व पर्यावरण की रक्षा में भी अपना छोटा सा ही सही पर एक योगदान अवश्य कर रहे हैं। अनेक छोटे प्रयासों से ही बड़ा योगदान होता है। अतरू लाखों लोग नशा छोड़ेंगे तो अपने आप यह सामाजिक व पर्यावरणीय योगदान भी बहुत बड़ा हो जाएगा। बड़ी संख्या में लोगों के दैनिक जीवन में हिंसा दुख-दर्द का एक बड़ा कारण है। बहुत आचर्य की बात है कि दैनिक जीवन की बहुत सी हिंसा अपने ही परिवार के सदस्यों के प्रति होती है। विश्व स्तर के घरेलू हिंसा के आंकड़े तो यही बताते हैं कि विश्व की सबसे व्यापक स्तर पर होने वाली हिंसा दैनिक जीवन की हिंसा है, जिसकी मार सबसे अधिक महिलाओं को फिर बच्चों को झेलनी पड़ती है।

यदि केवल शारीरिक हिंसा को न देखकर भावनात्मक हिंसा को भी देखें तो यह और भी व्यापक है। इसके अतिरिक्तदैनिक जीवन की हिंसा में आस-पड़ोस की हिंसा व बदले की भावना से जुड़ी हिंसा भी शामिल है। यदि हिंसा व हिंसक सोच के दायरे से बाहर निकलने का सोचा-समझा, सतत् प्रयास किया जाए तो न केवल अपना व अपने परिवार का भला होगा अपितु सामाजिक स्तर पर भी हिंसा में कमी आएगी व हिंसा की निर्थकता से मुक्त होने पर प्रगति की संभावनाए भी बढ़ेंगी। इंसानियत की एक बहुत बुनियादी सोच है कि सभी लोगों की समानता और एकता में विश्वास रखना व धर्म, नस्ल, लिंग, रंग, क्षेत्र, जाति, वर्ग आदि के आधार पर भेदभाव न करना। जो लोग इस भेदभाव के निशाने पर हैं, उन्हें तो अपमान व अन्याय सहना ही पड़ता है पर जो यह भेदभाव करते हैं वे स्वयं भी अपनी भेदभाव भरी सोच की संकीर्णता में इसकी गिरफ्त में रहते हैं और इस कारण उदार व खुली सोच का जीवन नहीं जी पाते हैं, तरह-तरह की संकीर्णता व इससे जुड़ी हिंसक सोच से त्रस्त रहते हैं। यदि इसके स्थान पर वे यह सोचा-समझा व सतत् प्रयास करें कि हमें बिना किसी भेदभाव के सभी मनुष्यों को समानता व एकता की सोच पर आधारित ही जीवन जीना है और सोच अपनानी है तो इससे उनका अपना जीवन निश्चित तौर पर बेहतर होगा व साथ में वे एक समानता व एकता पर आधारित समाज, देश व दुनिया को बनाने में भी अपना योगदान देंगे। श्वसुधैव कुटुम्बकम यानी पूरी दुनिया ही अपना परिवार है-यह बहुत सार्थक सोच है और जी-20 की अपनी अध्यक्षता के वर्ष में भारत ने इसे जी-20 के लिए यह कहते हुए अपनाया है कि यह तो हमारी प्राचीन संसति का संदेश है।

हमारे सामने आज भी शहीद भगत सिंह का यह सवाल खड़ा है कि वास्तव में अन्याय, विषमता और भेदभाव दूर करने के कितने प्रयास हुए हैं व हो रहे हैं, उन्हें कितना महव मिल रहा है-स्थानीय स्तर पर, देश व दुनिया में। अतरू यदि हम अपनी भलाई को समाज व दुनिया की भलाई के साथ जोड़ कर आगे बढना चाहते हैं तो हमें यह भी ध्यान में रखना पड़ेगा कि इस प्रयास को पूरी ईमानदारी से ही किया जाए।

केवल अपने कॅरियर या बिजनेस की सोच संकीर्ण सोच है, पर यदि अपने जीवन-यापन की जिम्मेदारी का सामंजस्य वि, समाज व देश की भलाई से जोड़ा जाए तो यह सही अथरे में सार्थक रहेगी। इस तरह के लाखों प्रयास एक साथ होंगे तो इससे पूरा समाज बेहतर बनेगा व ऐसे प्रयास अधिकांश देशों में होंगे तो बेहतर दुनिया बनेगी। इस तरह छोटे प्रयासों का भी बड़ा असर हो सकता हैय वर्ष 2023 में हम इस सोच को लेकर ही आगे बढ़ें तो इससे जीवन में नई आशा व नया उत्साह भी मिलने की पूरी संभावना है। हम तमाम कठिनाइयों के बावजूद बेहतर जीवन के लिए प्रयासरत हैं और अपने जीवन की बेहतरी के साथ दुनिया की बेहतरी में भी निरंतर योगदान दे रहे हैं-यह सोच निश्चय ही जीवन को एक मजबूत व सार्थक आधार देती है। तमाम अवरोधों के बीच, कठिनाइयों के बीच अपनी मेहनत, निष्ठा और दृढ़ निश्चय के आधार पर हम इस

## कश्मीर में बर्फबारी की संभावना

**श्रीनगर ,एजेंसी।** पिछले 24 घंटों के दौरान जम्मू-कश्मीर में मौसम शुष्क और ठंडा रहा। मौसम विज्ञान (एमईटी) कार्यालय ने आगे व्यापक बारिशध्बर्फबारी की उम्मीद जताई है। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि अगले 24 घंटों के दौरान जम्मू-कश्मीर में व्यापक बारिशध्बर्फबारी की संभावना है। न्यूनतम तापमान श्रीनगर में माइनस 32, पहलगाम में माइनस 45 और गुलमर्ग में माइनस 48 डिग्री सेल्सियस रहा। लद्दाख क्षेत्र में न्यूनतम तापमान के रूप में कारगिल माइनस 108 और लेह माइनस 126 रहा। जम्मू में 6, कटरा में 76, बटोटे में 2.1, बनिहाल में माइनस 02 और भद्रवाह में 06 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रहा।

## अफगानिस्तान : सुरक्षा बलों ने 8 विमानभेदी बंदूकों को किया जब्त

**काबुल एजेंसी,।** अफगानिस्तान में अफगान बलों ने पूर्वी परवान प्रांत में तलाशी अभियान के दौरान आठ विमानभेदी बंदूकों को बरामद किया है।

रक्षा मंत्रालय ने जारी एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में ज्यादा जानकारी दिए बिना कहा गया कि ये भारी हथियार दो दिन पहले काबुल से 55 किलोमीटर उत्तर में प्रांत की राजधानी चरकर शहर के बाहरी क्षेत्र में जंगल बाग इलाके से मिले। इसी तरह के अभियान में सुरक्षा बलों ने हाल ही में उत्तरी बल्ख प्रांत के मरमोल जिले से आरपीजी-7 के तीन टुकड़ों सहित भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद जब्त किया था।

## धमाकों से दहल उठा यूक्रेन, रूस ने दागीं 100 से ज्यादा मिसाइलें

**मास्को , एजेंसी ।** साल 2022 खत्म होने को है और रूस व यूक्रेन के बीच युद्ध अभी भी जारी है। आज रूस ने यूक्रेन पर 100 से ज्यादा मिसाइलें दागीं। इसके बाद कीव, जाइटमिर और ओडेसा में विस्फोट सुनाई दिए। राष्ट्रपति कार्यालय के सलाहकार ओलेक्सी एरेस्टोविच ने फेसबुक पर पोस्ट कर बताया कि रूस की तरफ से यूक्रेन के कई इलाकों में एक विशाल हवाई हमला किया गया है। लगातार एक के बाद एक मिसाइल दागी गई हैं। इस भीषण हमले में यूक्रेन को कितना नुकसान हुआ इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। यूक्रेनी अधिकारियों के अनुसार, कीव और खार्किव सहित प्रमुख यूक्रेनी शहरों पर रूसी मिसाइलों के एक श्बड़े पैमाने बैराज से हमला किया गया है। बुधवार तड़के भी रूसी सेना ने दक्षिणी यूक्रेन में हाल ही में मुक्त कराए गए शहर खेरसान पर हमले तेज किए थे। यूक्रेन की सेना ने कहा है कि देश के पूर्वी क्षेत्रों में फ्रंट लाइन पर लगातार दबाव बना रही है। यूक्रेन के सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि रूस ने बुधवार तड़के 24 घंटे में खेरसान में नागरिक ठिकानों पर कई रकेट लन्चरों से 33 मिसाइलें दागीं।

## पाक में हिंदू महिला की बेरहमी से हत्या, गर्दन काटी, छील दी खाल और झाडियों में फेंक दिया शव

**इस्लामाबाद, एजेंसी ।** पाक के सिंध में एक 40 वर्षीय हिंदू महिला की हत्या कर दी गई है। प्रथम जानकारी के अनुसार उसे पहले किडनैप किया गया था और फिर उसका सिर धड़ से अलग कर शव झाडियों में दें क दिया गया। आरोप ये भी है कि महिला से रेप के बाद उसका गला काट दिया गया। हत्या इतनी बर्बर तरह से की गई कि अज्ञात हत्यारे ने महिला का सिर तन से जुदा कर दिया, उसके खाल को छील दिया और ब्रेस्ट को काट दिया। दिल को दहला देने वाली यह घटना सिंध के सिंझोरो की है, जहां महिला की पहचान हिंदू अल्पसंख्यक समुदाय की दया भील के रूप में हुई है।

# नीतीश प्लेन खरीदें या हेलीकाप्टर पर नरेंद्र मोदी का नहीं कर सकते मुकाबला: सुशील मोदी



**हाजीपुर, एजेंसी।** 2024 लोकसभा में कोई लड़ाई नहीं है। नरेंद्र मोदी का कद इतना ऊंचा है। देश के लिए उन्होंने जितना काम किया है। क्षेत्रीय दल एकजुट भी हो जाए तो भी कोई फर्क नहीं पड़ेगा। वैसे एकजुट तो हो ही नहीं सकते। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने गुरुवार को हाजीपुर में मीडिया से बातचीत के दौरान यह बातें कहीं।

उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ढाई सौ करोड़ का जेट प्लेन खरीद रहे हैं, विपक्ष के नेताओं को एक करने के लिए। नीतीश कुमार प्लेन खरीदें या हेलिकाप्टर खरीदें पर नरेंद्र मोदी का मुकाबला नहीं कर सकते क्योंकि नरेंद्र मोदी ने देश के लिए काम किया है। पूर्व उपमुख्यमंत्री मोदी ने कहा कि कल तक नीतीश कुमार हमारे साथ थे, धोखा देकर राष्ट्रीय जनता दल के साथ चले गए॥ नीतीश कुमार अपराध और भ्रष्टाचार को संरक्षण दे रहे हैं। तेजस्वी यादव को संरक्षण दे रहे हैं। नीतीश कुमार कह रहे हैं कि हम लोग मिल गए तो अब सीबीआई सक्रिय है।

नीतीश कुमार जब राजद के साथ नहीं भी थे, उस दौरान भी सीबीआई अपना काम कर रही थी। अगर गलत काम करेंगे और भ्रष्टाचार में लिप्त रहेंगे तो कोर्ट भी आपकी मदद नहीं कर सकती है।

तीन जनवरी को आयोजित भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के कार्यक्रम के बारे में उन्होंने कहा कि एक-दो दिनों में स्थल तय कर दिया जाएगा।

2024 में हम लोगों का क्या मुद्दा रहेगा इस पर भी हम लोग बात करेंगे। भाजपा चुनाव नजदीक हो या दूर हमेशा चुनाव लड़ने के मूड में रहती है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रम को शंखनाद मानने के सवाल पर उन्होंने कहा कि हमारा तो 24 घंटा शंखनाद रहता है और 24 घंटा हमारी पार्टी चुनाव लड़ने के लिए तैयार रहती है।

मोदी ने कहा कि बिहार का पूरा पुलिस-प्रशासन शराबबंदी में लगा है। बिहार में शराबबंदी कमाई का सबसे बड़ा एक साधन बन गया है। पूरा पुलिस प्रशासन का एक ही काम है कि मुंह में लगाकर सुंघो और पकड़कर जेल भेजो। फाइंन करो और जो अवैध व्यापार हो रहा है उस को प्रोत्साहित करो।

उन्होंने कहा कि दोनों काम नहीं हो सकता। बिहार सरकार को चाहिए कि जो शराबबंदी से जुड़ा मामला हो उसके लिए एक्साइज की संख्या बढ़ाया जाए। वही लोग शराबबंदी के मामला को देखें और पुलिस को केवल ला एंड आर्डर के लिए छोड़ दें। पुलिस के लिए दोनों काम करना संभव नहीं है।

सदर थाना क्षेत्र के केदार चौक पर अजय तिवारी की हत्या मामले में उन्होंने कहा कि जिस तरह से दुकान में घुसकर आठ-आठ गोली मारी गई है। सीसीटीवी कैमरा में सारी घटना रिकार्ड है। इस मामले में एसपी से बात हुई है उन्होंने बताया कि दो लोगों की गिरफ्तारी हुई है। बाकी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

अपराधी का मनोबल इतना ऊंचा हो गया है कि उसे जेल जाने से कोई डर नहीं लगता। उसको मालूम है कि मुकदमा चलेगा नहीं साल दो साल में जेल से बाहर आ जाएंगे। इस मामले में मैं बिहार के डीजीपी से भी बात करूंगा। उन्होंने कहा कि परिवार की सुरक्षा के लिए विवाद करूंगा। इनके पिताजी की भी हत्या हुई है गहराई से पुलिस मामले की जांच करेगी।

## प्रह्लाद मोदी का परिवार अहमदाबाद रवाना

**मैसूर एजेंसी,** । एक सड़क दुर्घटना में घायल हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाई प्रह्लाद मोदी गुरुवार को सपरिवार विशेष विमान से अहमदाबाद रवाना हो गए। प्रह्लाद मोदी मां हीराबा के अस्वस्थ होने की वजह से विशेष विमान से यहां से गए हैं। वह और उनके परिवार के सदस्य मंगलवार को यहां एक सड़क दुर्घटना घायल हो गए थे। वे मैसूर के जेएसएस अस्पताल में इलाज करवा रहे थे, उन्हें तथा परिवार के सदस्यों को बुधवार शाम को टुट्टी दे दी गई।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री की मां को बुधवार सुबह तबीयत बिगडने पर अहमदाबाद के यू एन मेहता इंस्टीट्यूट आफ कार्डियोलजी एंड रिसर्च सेंटर में भर्ती कराया गया था। प्रधानमंत्री कल अपराह्न उनका हालचाल लेने दिल्ली से अहमदाबाद गये थे। अस्पताल के ताजा बुलेटिन के अनुसार श्रीमती हीराबा के स्वास्थ्य में अब सुधार हो रहा है।कर्नाटक के मंत्री नारायण गौड़ा ने मुंबई एयरपोर्ट के अधिकारियों से बात कर प्रह्लाद मोदी और उनके परिवार के अहमदाबाद जाने के लिए विशेष विमान का इंतजाम किया।

## सुरक्षा में चूक की शिकायत पर सीआरपीएफ का जवाब, राहुल गांधी ने खुद ही किया 113 बार नियमों का उल्लंघन

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** कांग्रेस द्वारा राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सुरक्षा में चूक का जिक्र करने के एक दिन बाद केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने बयान दिया है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कई मौकों पर निर्धारित दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किया है। सीआरपीएफ ने गृह मंत्रालय को बताया है कि राहुल गांधी ने 2020 से अब तक 113 बार सुरक्षा के नियमों का उल्लंघन किया है। ऐसा भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भी हुआ है।

यही नहीं सीआरपीएफ ने कहा कि राहुल गांधी की सुरक्षा में पूरे प्रोटोकल का पालन किया जाता है। उन्हें जेड प्लस सुरक्षा दी गई है और उसके मानकों के तहत कोई कसर नहीं छोड़ी जाती है, लेकिन खुद राहुल गांधी ही कई बार सुरक्षा नियमों का उल्लंघन कर चुके हैं और लोगों से मिलने के लिए निकल जाते हैं।

कांग्रेस के पत्र पर होम मिनिस्ट्री ने सीआरपीएफ से जवाब मांगा था। इस पर सीआरपीएफ ने गृह मंत्रालय को दिए गए जवाब में राहुल गांधी पर ही सुरक्षा नियमों के उल्लंघन का आरोर लगाया है। सीआरपीएफ की ओर से ही राहुल गांधी की सुरक्षा की जाती है। बता दें कि कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से बुधवार को होम मिनिस्टर अमित शाह के नाम पर एक खत लिखा गया था। इसमें कहा गया था कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कई बार राहुल गांधी एवं अन्य यात्रियों की सुरक्षा में चूक हुई है।

यही नहीं कांग्रेस नेता की ओर से लिखे पत्र में कहा गया था कि एजेंसियों की ओर से नामी हस्तियों को यात्रा में शामिल होने से रोका जा रहा है। इसके अलावा इसमें आने वाले वाले लोगों से लंबी पूछताछ भी की जाती है। कांग्रेस ने राजीव गांधी और इंदिरा गांधी की हत्याओं का जिक्र करते हुए कहा था कि यात्रा अब अगले चरण में पंजाब एवं जम्मू-कश्मीर जैसे संवेदनशील राज्यों में पहुंचने वाली है।

## हवस मिटाने के लिए गंदी करतूत! 5 बच्चों की मां ने 9वीं के छात्र से किया रेप

**लखनऊ,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के चित्रकूट में एक अलग सा मामला ही सामने आया है। यहां एक पांच बच्चों की मां ने एक 9वीं के छात्र के साथ रेप किया है। प्रथम जानकारी के अनुसार आरोपी महिला ने इस वारदात के लिए इसी साल अप्रैल महीने में पीडिघ्त छात्र को अपने प्रेम जाल में फंसाकर अगवा कर लिया था। पीडिघ्त छात्र के पिता ने उसी समय पुलिस में शिकायत दी थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। अब कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार करते हुए पीडिघ्त को मुक्त कराया है और जांच कर रही है।

मामला चित्रकूट के राजापुर थाना क्षेत्र का है। पीडिघ्त पिता ने कोर्ट में बताया कि उनका बेटा महज 14 साल का है और नौवीं कक्षा में पढ़ाई करता है। आरोपी महिला उनके पड़ोस में ही रहती है। वह शादीशुदा है और 5 बच्चों की मां है। उन्होंने बताया कि आरोपी महिला ने उसके बेटे को अपने प्रेम जाल में फंसाकर बहला-फुसला लिया और इसी साल 18 अप्रैल को उसके साथ भाग गई। उन्होंने कोर्ट को बताया उन्होंने तत्काल पुलिस में शिकायत दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई तो दूर, पुलिस ने उनकी शिकायत भी नहीं ली। मजबूरी में उन्हें न्याय के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। अब कोर्ट के आदेश पर ही राजापुर थाने की पुलिस ने केस दर्ज किया है।कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद दबिश शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर उसके ठिकाने से पीडिघ्त छात्र को मुक्त कराया है। पुलिस ने पीडिघ्त छात्र का मेडिकल कराने के बाद आरोपी महिला के खिलाफ दुष्कर्म, अपहरण और पक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

## चुनावी ट्रस्टों से भाजपा को मिला 72 फीसदी चंदा, कांग्रेस की आय टीआरएस, सपा और आप से भी कम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एसोसिएशन फर डेमोक्रेटिक रिफर्म्स (एडीआर) ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट में बताया है कि भाजपा को 2021-22 में चुनावी (इलेक्टोरल) ट्रस्टों द्वारा राजनीतिक दलों को दिए गए कुल चंदे का 35150 करोड़ रुपये (72.17 फीसदी) प्राप्त हुआ, जबकि इसकी तुलना में कांग्रेस को टीआरएस, समाजवादी पार्टी, आप और वाईएसआरसीपी से भी कम चंदा प्राप्त हुआ।

इलेक्टोरल ट्रस्ट, कर्पोरेट संस्थाओं और व्यक्तियों का एक गैर-लाभकारी संगठन है जो किसी भी व्यक्ति से व्यवस्थित रूप से योगदान प्राप्त करने का कार्य करता है। इसका उद्देश्य चुनाव संबंधी खर्चों के लिए धन के उपयोग में पारदर्शिता में सुधार करना है।

एडीआर के आंकड़ों से पता चलता है कि भाजपा को 2021 में इलेक्टोरल ट्रस्ट से कांग्रेस की




तुलना में 19 गुना अधिक चंदा मिला। भाजपा को मिला कुल चंदा अन्य नौ पार्टियों को मिले चंदे से ढाई गुना ज्यादा था। एडीआर ने इलेक्टोरल ट्रस्ट के अपने विश्लेषण में कहा कि 2021-22 में सभी राजनीतिक दलों को मिले कुल चंदे का 35150 करोड़ रुपये या 72.17 फीसदी भाजपा को गया।

एडीआर के मुताबिक, इलेक्टोरल ट्रस्ट से कांग्रेस को 18.44 करोड़ रुपये मिले। वहीं टीआरएस को 40 करोड़ रुपये, समाजवादी पार्टी को 27 करोड़ रुपये, आम आदमी पार्टी को 21.12 करोड़ रुपये और वाईएसआरसीपी को 20 करोड़ रुपये मिले। रिपोर्ट में बताया गया है कि शिरोमणि अकाली दल (एसएडी) को 7 करोड़ रुपये, पंजाब लोक कांग्रेस पार्टी को 1 करोड़ रुपये, गोवा फरवर्ड पार्टी और डीएमके को 50-50 लाख रुपये मिले।

एडीआर ने कहा कि जिन इलेक्टोरल ट्रस्टों ने वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान योगदान प्राप्त करने की है, उन्हें करपोरेट्स और व्यक्तियों से कुल 487.09 करोड़ रुपये मिले हैं और विभिन्न राजनीतिक दलों को 487.06 करोड़ रुपये (99.99 फीसदी) वितरित किए गए हैं।

वित्त वर्ष 2021-22 में इलेक्टोरल ट्रस्ट को 89 करपोरेटध्व्यावसायिक घरानों ने 475 करोड़ रुपये का योगदान दिया। 62 ने प्रूडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट को 456.30 करोड़ रुपये का योगदान दिया। दो करपोरेट ने पांच करोड़ रुपये का योगदान दिया। 15 करपोरेट्स ने इंडिपेंडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट को 220 करोड़ रुपये का योगदान दिया। रिपोर्ट में कहा गया है, आर्सेलर मित्तल निप्पन स्टील इंडिया लिमिटेड ने इलेक्टोरल ट्रस्टों के सभी दाताओं के बीच सबसे अधिक 70.00 करोड़ रुपये का योगदान दिया। इसके बाद एक्रेलर मित्तल डिजाइन एंड इंजीनियरिंग सेंटर प्राइवेट लिमिटेड ने 60 करोड़ रुपये और भारती एयरटेल लिमिटेड ने विभिन्न ट्रस्टों को 51 करोड़ रुपये का योगदान दिया।

## चलती ट्रेन में चढने के प्रयास में गिरा यात्री, बची जान

**गाजीपुर ,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के माहपुर रेलवे स्टेशन पर चलती ट्रेन में चढने की कोशिश के दौरान एक यात्री की जान बचाने के लिए प्लेटफर्म के एक हिस्से को तोडना पड़ा। रेलवे के मुताबिक प्रयागराज रामबाग मऊ मेमू एक्सप्रेस के ट्रेन गार्ड राजेश कुमार उपाध्याय ने यात्री को बचाने के लिए इमरजेंसी ब्रेक लगाया।

हादसे का एक वीडियो वायरल हुआ है, इसमें एक शख्स प्लेटफर्म के किनारे की कंक्रीट को तोड़ता नजर आ रहा है, जबकि यात्री बचाव दल से उसे बचाने की गुहार लगा रहा है।

एनईआर के वाराणसी मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने कहा, चलती ट्रेन पर चढने का प्रयास कर रहे यात्री ने अपना संतुलन खो दिया और प्लेटफर्म व ट्रेन के बीच की संकरी खाई में गिर गया। उसे गिरते देख ट्रेन के गार्ड राजेश कुमार उपाध्याय ने

## हवाई अड्डे पर बैग से निकला अजगर

**चेन्नई एजेंसी,** । पिछले दो दिनों में चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से विदेशी प्रजाति के जानवरों की जब्ती के बाद, सीमा शुल्क और तमिलनाडु पुलिस ने तस्करी की जांच शुरू कर दी है। इगुआना और मार्मोसेट बंदरों जैसी विदेशी प्रजातियों को जब्त किए जाने के बाद चेन्नई कस्टम ने मंगलवार को बैंकाक से आने वाले एक यात्री को गिरफ्तार किया था। इसके अलावा, सोमवार को हवाईअड्डे के एक कोने में एक लावारिस बैग मिला, जिसके अंदर अजगर थे लेकिन कस्टम उस व्यक्ति का पता नहीं लगा सका जो इसे देश लाया था। तमिलनाडु पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विदेशी प्रजातियों की भारत और देश से बाहर तस्करी में वृद्धि हुई है।

उन्होंने कहा कि राज्य पुलिस ने उन लोगों के बैकग्राउंड की जांच शुरू कर दी है जो इन विदेशी प्रजातियों का आयात कर रहे हैं और साथ ही कुछ स्वदेशी प्रजातियों को देश से बाहर ले जा रहे हैं। कस्टम ने देश में विदेशी जानवरों की तस्करी की जांच भी शुरू कर दी है और तस्करों के बैकग्राउंड की जांच की जा रही है। सीमा शुल्क विभाग के सूत्रों ने बताया कि ऐसे व्यक्तियों पर वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। सीमा शुल्क खुफिया शाखा उस व्यक्ति से पूछताछ करेगी और उन लोगों के बारे में जानकारी एकत्र करेगी जो देश में लाई गई विदेशी प्रजातियों को खरीद रहे थे।

## डेढ़ लाख हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का लक्ष्य पूरा

**नई दिल्ली एजेंसी,** । केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश में डेढ़ लाख हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर खोलने का लक्ष्य पूरा कर लिया गया है।

मांडविया ने एक ट्वीट में यह जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिसंबर 2022 तक डेढ़ लाख आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर खोलने का लक्ष्य रखा था।

## विदेशी मेडिकल ग्रेजुएट्स की रजिस्ट्रेशन में धांधली, पंजाब, हिमाचल समेत 91 स्थानों पर सीबीआई की छापेमारी

**नई दिल्ली एजेंसी,** । केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) ने गुरुवार को फर्जी सर्टिफिकेट्स के आधार पर मेडिकल काउंसिल में विदेशी मेडिकल ग्रेजुएट्स के रजिस्ट्रेशन में धांधली के मामले में देशभर में लगभग 91 स्थानों पर छापेमारी की है। इस दौरान सीबीआई की टीम ने एफएमजी परीक्षा के फर्जी पास प्रमाणपत्र समेत कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए हैं। सीबीआई ने स्टेट मेडिकल काउंसिल्स और मेडिकल काउंसिल अफ इंडिया (एमसीआई) के अज्ञात सरकारी कर्मचारियों वहीं 73 विदेशी मेडिकल ग्रेजुएट्स और अन्य अज्ञात सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। नेशनल बोर्ड अफ एक्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (एनबीईएमएस) द्वारा आयोजित क्वलिफाइंग फरेन मेडिकल ग्रेजुएट्स परीक्षा के फर्जी प्रमाणपत्रों के आधार पर कई राज्यों में मेडिकल काउंसिल के साथ विदेशी मेडिकल ग्रेजुएट्स के रजिस्ट्रेशन में अनियमितताओं के आरोप थे।

यह आरोप लगाया गया है कि 73 विदेशी मेडिकल ग्रेजुएट्स हैं जो अनिवार्य योग्यता परीक्षा पास नहीं कर सके। कई राज्यों में मेडिकल काउंसिल के साथ वह खुद का रजिस्ट्रेशन कराने में कामयाब रहे।

# कोरोना के बढ़ते मामलों की जानकारी देने से क्यों कतरा रहा चीन ?

### दुनियाभर में बढ़ी चिंताएं

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन के वुहान शहर से फैले कोरोना वायरस ने अपना प्रचंड रूप धारण कर लिया है और कोरोना ने सबसे ज्यादा तबाही भी चीन में ही मचाई है। इसके बावजूद चीन कोरोना के बारे में जानकारी साझा नहीं कर रहा है। जिसकी वजह से भारत समेत दुनिया के कई देश चिंतित हैं। नवंबर 2019 से फैले कोरोना वायरस के बारे में चीन ने कोई जानकारी साझा नहीं की है। जिसकी वजह से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कोरोना ने जिस प्रकार से पहली बार तबाही मचाई थी, क्या 3 साल बाद कोरोना का नया वेरिएंट वैसी ही तबाही मचाएगा।



भारत, अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया, ताइवान और इटली ने चीन से आने वाले यात्रियों के लिए कोरोना टेस्टिंग अनिवार्य कर दिया है। वहीं ताइवान का कहना है कि चीन में महामारी की स्थिति पारदर्शी नहीं है। ऐसे में वायरस की जानकारी पर हमारी सीमित पकड़ है और वह सटीक नहीं है।

चीनी सरकार एक तरफ कोरोना संक्रमण को लेकर जानकारी साझा करने से कतरा रही है। दूसरी तरफ सभी लोगों के साथ एक जैसा व्यवहार करने को कह रही है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि कई देशों ने चीन से आने वाले यात्रियों के लिए अपनी नीतियों में बदलाव किया है। उन्होंने कहा कि सभी देशों के लोगों के साथ समान व्यवहार होना चाहिए।

जर्मनी का कहना है कि उनके पास कोई संकेत नहीं है कि चीन में फैले कोरोना वायरस ने और खतरनाक रूप धारण किया है। लेकिन वो मौजूदा स्थिति की लगातार निगरानी कर रहे हैं। यूरोपीय संघ भी स्थिति का आंकलन कर रहा है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन भी कह चुका है कि चीन में फैले प्रकोप की गंभीरता पर और अधिक जानकारी की आवश्यकता है। आपको बता दें कि किसी भी देश के पास चीन में फैले कोरोना के नए वेरिएंट के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं है। लेकिन ट्रैक रिकर्ड को देखकर ऐसा कहा जा सकता है कि नया स्ट्रेन विकसित हो गया है। चीन ने इस महीने की शुरुआत में तेजी के साथ कई प्रतिबंधों को वापस ले लिया। जिसके बाद वहां की स्थिति भयावह हो गई और वायरस तेजी से फैल गया। जिसकी वजह से सर्दी-जुखाम की दवाओं की कमी हो गई। अस्पतालों और क्लीनिकों में लंबी-लंबी लाइनें लगने लगीं। आलम ऐसा है कि श्मशान घाटों में भी शवदाह के लिए लोगों को भारी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

चीनी राज्य मीडिया ने वहां की स्थिति के बारे में जानकारी नहीं दी। और तो और सरकारी अधिकारियों ने पश्चिमी मीडिया पर स्थिति को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने का आरोप लगाया। चीन पर पहले भी कोरोना वायरस को छिपाने के आरोप लगे हैं।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने छात्रों को सशक्त बनने की दी सलाह

**हैदराबाद एजेंसी,** । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को छात्रों को सशक्त बनने और दूसरों को भी सशक्त बनाने की सलाह दी।

मुर्मू ने नारायणम्मा इंस्टीट्यूट अफ टेक्नोलजी एंड साइंस फर वुमेन और बीएम मलानी नर्सिंग कलेज और महिला दक्षता समिति की सुमन जूनियर कलेज के छात्रों और संकाय सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों को केवल अपनी सफलता और खुशी से संतुष्ट नहीं होना चाहिए। उनका राष्ट्र और मानवता के प्रति एक कर्तव्य है और उन्हें अपनी प्रतिभा और तकनीकी क्षमताओं का उपयोग व्यापक भलाई के लिए करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी का लाभ दूर-दराज के इलाकों और सबसे गरीब लोगों तक पहुंचना चाहिए और कहा कि इसे सामाजिक न्याय के साधन के रूप में इस्तेमाल किया जाना चाहिए।राष्ट्रपति ने कहा कि इंजीनियरिंग ने कंप्यूटर, चिकित्सा उपकरण, इंटरनेट, स्मार्ट डिवाइस और डिजिटल भुगतान प्रणाली सहित तकनीकी प्रगति में बड़ी भूमिका निभाई है। एक पेशे के रूप में इंजीनियरिंग की भूमिका आज की दुनिया में बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है जहां अकल्पनीय और अभूतपूर्व समस्याओं के त्वरित और स्थायी समाधान की आवश्यकता होती है।मुर्मू ने कहा कि इंजीनियरों में दुनिया को एक बेहतर जगह बनाने की ताकत है। वे जो समाधान खोजते हैं और जो प्रौद्योगिकियां वे भविष्य में बनाएंगे, वे जन-उन्मुख और पर्यावरण के अनुकूल होने चाहिए।

# दोनों देशों के बीच टेस्ट सीरीज की मेजबानी की संभावना को लेकर जानकारी मांगी



नई दिल्ली, मेलबर्न क्रिकेट क्लब ने भारत और पाकिस्तान के बीच टेस्ट मैच की मेजबानी करने की इच्छा व्यक्त की है। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड के प्रबंधन ने दोनों देशों के बीच टेस्ट सीरीज की मेजबानी की संभावना को लेकर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से जानकारी मांगी है। इस साल भारत और पाकिस्तान के बीच टी–20 विश्व कप का मैच मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेला गया था जिसमें 90,000 से ज्यादा दर्शक मौजूद थे। इस मैच की अपार सफलता को देखते हुए एमसीसी के मुख्य कार्यकारी स्टुअर्ट फाक्स ने दोनों देशों के बीच टेस्ट की मेजबानी करने की अपनी इच्छाओं का रहस्योद्घाटन किया है। ईएसपीएन क्रिकइन्फो के मुताबिक उन्होंने कहा, "मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर तीन टेस्ट मैच आयोजित कराना शानदार रहेगा। आप इसके लिए हमेशा तैयार रहेंगे और हमने इसकी संभावना को लेकर जानकारी मांगी है। इस मामले को हमने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के समक्ष उठाया है। हालांकि व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए यह आसान नहीं है, इसलिए मुझे लगता है कि यह बड़ी चुनौती होगा।"

आईसीसी से पैरवी कर सकता है ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट

स्टुअर्ट ने आगे कहा, "यह अच्छा रहेगा कि मैदान सिर्फ आस्ट्रेलिया के लिए ही सीमित ना रहे और सभी देशों के लिए हमेशा स्टेडियम को उपलब्ध रखा जाए। हमने इस बारे में भी बात की है। आशा है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया इस मामले को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के समक्ष रखेगा और इसकी पैरवी करेगा। जब आप दुनियाभर के कुछ स्टेडियमों को खाली देखते हैं तो मुझे लगता है कि खचाखचा भरा स्टेडियम खेल का आनंद लेने के लिए अच्छा वातावरण दे सकता है।"

2007 में आखिरी बार हुई थी द्विपक्षीय टेस्ट सीरीज

भारत और पाकिस्तान के बीच आखिरी बार 2007 में द्विपक्षीय टेस्ट सीरीज खेली गई थी। हालांकि दोनों के बीच 2012 में सीमित ओवरों की सीरीज हुई थी, लेकिन इसके बाद से भारत और पाकिस्तान आईसीसी या एशियाई क्रिकेट परिषद के टूर्नामेंट में ही खेलते हैं। पाकिस्तान को 2023 में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच खेलना है और स्टुअर्ट को उम्मीद है कि इस मैच में भी भारत–पाकिस्तान के बीच टी–20 मैच की तरह भीड़ होगी। स्टुअर्ट ने कहा, "भारत और पाकिस्तान के बीच जैसा देखने को मिला, वैसा मैंने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर कभी नहीं देखा था। जिस तरह का माहौल और हर गेंद के बाद जैसा शोर था वो बेहतरीन था। सभी लोगों ने इसका आनंद लिया था।"

# व्हाइट बॉल क्रिकेट के लिए करना होगा इंतजार



नई दिल्ली, श्रीलंका के खिलाफ आगामी वनडे और टी20 सीरीज से रिषभ पंत को भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया है। हालांकि रिपोर्ट्स में उन्हें एनसीए स्ट्रेंथ और कंडिशनिंग की रिपोर्ट करने को कहा है। क्रिकेट एक्सपर्ट्स का मानना है कि व्हाइट बॉल क्रिकेट में पंत का भविष्य अनिश्चित है। इसको लेकर गंभीर ने पंत को सलाह दे डाली। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर का मानना है कि पंत को टेस्ट क्रिकेट पर ध्यान देने की जरूरत है, जबकि उन्हें व्हाइट बॉल क्रिकेट में जगह बनाने का इंतजार करना होगा। पंत के टेस्ट रनों की तुलना में उसके वनडे और टी20 के रन उतने अच्छे नहीं हैं।

**रिषभ पंत से बेहतर हैं ये खिलाड़ी**

गौतम गंभीर ने स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत करते हुए कहा– ह्लईशान किशन, संजू सैमसन, केएल राहुल जैसे खिलाड़ी ने वनडे में विकेट कीपिंग की है, वे अब रिषभ पंत से बेहतर कर रहे हैं। ईशान किशन को देखिए, जब उन्हें मौका मिला, तो उन्होंने वनडे में दोहरा शतक बनाया, तो कैसे क्या आप उसके जैसे किसी खिलाड़ी को नजरअंदाज कर सकते हैं?

**साल 2022 में रिषभ पंत का प्रदर्शन**

गौरतलब हो कि 2022 में पंत ने 25 टी20 में 132.84 के स्ट्राइक रेट से 21.41 की औसत से 364 रन बनाए। इस साल 12 वनडे मैचों में, उन्होंने 37.33 की औसत और 96.55 की स्ट्राइक रेट से 336 रन बनाए। लेकिन टेस्ट में पंत ने शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने 12 पारियों में 61.81 की औसत और 90.90 की स्ट्राइक–रेट से 680 रन बनाए हैं। पंत के अलावा, दाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल सभी प्रारूपों में फिसड्डी साबित हुए हैं। टी20 विश्व कप में खराब प्रदर्शन के बाद, राहुल श्रीलंका के खिलाफ टी20 टीम का हिस्सा नहीं हैं। हालांकि वह एकदिवसीय टीम में हैं। राहुल अब उपकप्तान नहीं हैं, हार्दिक पांड्या को रोहित शर्मा के उपकप्तान के रूप में नामित किया गया है।

# भारत और साउथ अफ्रीका के बीच दूसरा टी20 मैच गीली आउटफील्ड के चलते रद्द



नई दिल्ली,भारत अंडर–19 महिला टीम और दक्षिण अफ्रीक अंडर–19 महिला टीम के बीच दूसरा टी20क मैच गुरुवार को गीला आउटफील्ड होने के कारण रद्द कर दिया गया। शुरू में बारिश के कारण टॉस और खेल शुरू होने में देरी हुई। बाद में निरीक्षण के बाद मैच गीली आउटफील्ड के कारण रद्द कर दिया गया। दूसरा मैच स्टेन सिटी ग्राउंड पर खेला जाने वाला था। बीसीसीआई ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। बीसीसीआई ने ट्वीट किया, ह्लस्टेन सिटी ग्राउंड, साउथ अफ्रीका में भारत अंडर–19 महिला और दक्षिण अफ्रीका अंडर–19 महिला टीम के बीच दूसरा टी20 मैच गीली आउटफील्ड के कारण रद्द कर दिया गया है।ह्व भारत अंडर–19 टीम 27 दिसंबर को पहले मैच में 54 रन से जीत के बाद पांच मैचों की सीरीज में 1–0 से आगे चल रही है।

**पहला टी—20 मैच जीत चुकी है भारतीय टीम**

गौरतलब हो कि पहले मैच में पहले खेलते हुए भारतीय टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 137 स्कोर बनाया। इसके जवाब दक्षिण अफ्रीका 20 ओवर में 8 विकेट पर 83 रन ही बना सकी।श्वेता सेहरावत और सौम्य तिवारी की जोड़ी ने दूसरे विकेट के लिए 70 रनों की साझेदारी की। दोनों बल्लेबाजों ने 40 रन की पारी खेली। तेज गेंदबाज शबनम एमडी और अर्चना देवी ने इसके बाद तीन–तीन विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका अंडर–19 को आठ विकेट पर 83 रन पर रोक दिया।

# 22 साल के प्रदोश पाल रन मशीन कोहली को मानते हैं अपना आइडियल

नई दिल्ली, दिल्ली के खिलाफ रणजी मुकाबले के तीसरे दिन अरुण जेटली स्टेडियम में तमिलनाडु के 22 वर्षीय बल्लेबाज प्रदोश पाल ने बेहद आकर्षक पारी खेली। अपने फर्स्ट क्लास क्रिकेट करियर का पहला शतक लगाया। दिल्ली के खिलाफ प्रदोश ने 212 गेंदों का सामना करते हुए 16 चौकों की मदद से 124 रन बनाए और अपनी टीम को मजबूत स्थिति में ला खड़ा किया। यह प्रदोश के फर्स्ट क्लास क्रिकेट करियर कि अब तक की बेस्ट पारी भी रही। प्रदोश पाल ने दिल्ली के खिलाफ अपने फर्स्ट क्लास करियर की शुरुआत की थी और इसी टीम के खिलाफ उन्होंने प्रथम श्रेणी का पहला शतक भी लगाया। अपनी शतकीय पारी के बारे में दैनिक जागरण से बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए काफी खास पल है क्योंकि मैंने चार साल पहले डेब्यू किया था और मुझे बहुत ज्यादा मैच खेलने का मौका नहीं मिला। अब यह पारी मेरे लिए काफी महत्वपूर्ण है। मैं आशा कर रहा था कि फर्स्ट क्लास क्रिकेट में मेरा शतक जल्दी आता, लेकिन थोड़ा लेट हो गया। हालांकि मैं काफी खुश हूं और थोड़ा इमोशनल भी हूं।

**विजय शंकर के साथ की अहम साझेदारी**

प्रदोश पाल ने विजय शंकर के साथ मिलकर छठे विकेट के लिए 103 रन की अहम शतकीय साझेदारी की। जब उनके पूछा गया कि इस दौरान आप दोनों के बीच क्या कुछ बातें हो रही थी तो उन्होंने कहा कि हमने फैसला किया था कि हमें स्कोर बोर्ड की तरफ नहीं देखना है और ओवर्स निकलने हैं। हमारा ध्यान सिर्फ बल्लेबाजी की तरफ था क्योंकि रन आ रहे थे।

**कोहली को मानते हैं अपना आइडियल**

प्रदोश से पूछा गया कि क्या नाइनटीज पर आने के बाद



वो नर्वस हो रहे थे तो इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि यह मेरा पहला शतक था तो नाइनटीज पर आने के बाद थोड़ा दवाब था और मैं नवर्स भी था, लेकिन आखिरकार मैंने शतक पूरा कर लिया। प्रदोश ने बताया कि विराट कोहली उनके आइडियल हैं और उनके हेयर स्टाइल के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा (हंसते हुए) कि यह मेरा अपना है। उन्होंने बताया कि दिल्ली के हर्षित राणा और विकास मिश्रा को खेलना उनके लिए थोड़ा मुश्किल रहा।

## फिल्मी गपशप

# सिंघम अगेन अक्षय कुमार की सूर्यवंशी से 10 गुना बड़ी होगी



पिछले साल आई रोहित शेट्टी की सूर्यवंशी ने सिनेमाघरों में अच्छी कमाई की थी। वह अभी सिंघम फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म सिंघम अगेन को लेकर चर्चा में हैं। एक इंटरव्यू में रोहित ने कहा कि अजय देवगन अभिनीत सिंघम अगेन अक्षय कुमार की सूर्यवंशी से 10 गुना बड़ी होगी।

उन्होंने बताया कि उनकी इस फिल्म की स्क्रिप्ट अच्छी बनी है और वह इसके जरिए दर्शकों को लार्जर दैन लाइफ वाली एंटरटेनिंग फिल्म देंगे।

**सिम्बा के रूप में फिल्म में एंट्री करेंगे रणवीर सिंह**

रोहित ने कहा, हम सिंघम अगेन के लिए बहुत उत्साहित हैं, क्योंकि इसकी स्क्रिप्ट वास्तव में अच्छी बनी है। यह लार्जर दैन लाइफ फिल्म है। यह सूर्यवंशी से 10 गुना बड़ी फिल्म है। रोहित ने बताया कि इस फिल्म में रणवीर सिंह की सिम्बा के रूप में एंट्री होगी। फिल्म की शूटिंग अगले साल मार्च में शुरू हो सकती है। बता दें कि रोहित के निर्देशन की सिंघम 2011 में और सिंघम रिटर्न्स 2014 में रिलीज हुई थी।

# गांधी—गोडसे एक युद्ध का मोशन पोस्टर रिलीज, 26 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देगी फिल्म



घायल जैसी सुपरहिट फिल्म देने वाले मशहूर निर्देशक राजकुमार संतोषी पिछले लंबे वक्त से अपनी आगामी फिल्म गांधी–गोडसे एक युद्ध को लेकर चर्चा में हैं। फैंस ब्रेसबी से उनकी इस फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। इस बीच फिल्म निर्माताओं ने मंगलवार को फिल्म का मोशन पोस्टर जारी कर दिया है। संतोषी नौ साल बाद फिल्म गांधी–गोडसे एक युद्ध के साथ सिल्वरस्क्रीन पर वापसी कर रहे हैं, जो 26 जनवरी, 2023 में रिलीज होने वाली है। फिल्म में महात्मा गांधी और नाथूराम गोडसे की विपरीत विचारधारा की लड़ाई को दिखाया जाएगा। बता दें कि, महात्मा गांधी का किरदार अभिनेता दीपक अंतानी निभाएंगे, जबकि चिन्मय मंडलेकर फिल्म में नाथूराम गोडसे की भूमिका में नजर आएंगे। गांधी गोडसे एक युद्ध की कहानी असगर वजाहत और राजकुमार संतोषी ने लिखी है और मनीला संतोषी ने इस फिल्म को प्रोड्यूस किया है। बताते चलें कि डायरेक्टर राजकुमार ने पिछले नौ साल में किसी फिल्म को डायरेक्ट नहीं किया है।

# लिटिल चैंप्स के साथ एल्बम बनाना चाहती हैं गायिका नीति मोहन

पार्श्व गायिका नीति मोहन ने खुलासा किया है कि उन्होंने सा रे गा मा पा लिटिल चैंप्स के शीर्ष पांच प्रतियोगियों के साथ एक एल्बम जारी करने की योजना बनाई है। क्रिसमस के खास मौके पर नीति ने कहा, मुझे लगता है कि मैं जीवन भर सांता क्लॉज बनना चाहती हूं।



कुछ ऐसा है जो मेरे दिल में तब से है जब मैं इन छोटे प्रतिभाशाली प्रतियोगियों से मिली थी, और क्योंकि आज हम क्रिसमस विशेष मना रहे हैं, मैं कहना चाहती हूं कि मैं शो के टॉप–5 कंटेस्टेंट्स के साथ एक एल्बम रिलीज करूंगी।उन्होंने आगे कहा, मैं इसके बारे में बहुत लंबे समय से सोच रही थी। मैं चाहती हूं कि इस शो के खत्म होने के बाद भी उन सभी को एक मंच मिले, और हम हमेशा जुड़े रहें। इसलिए, अगर मुझे एक एल्बम बनाने का मौका मिलता है तो मैं बहुत आभारी रहूंगी, शीर्ष 5 प्रतियोगियों के साथ।जेटशेन दोहना लामा, अतनु मिश्रा, देविका शर्मा, प्रज्योत गुंदले, राफा यास्मीन, हर्ष सिकंदर, पलाक्षी दीक्षित, ज्ञानेश्वरी घाडगे, अथर्व बख्शी और आरोही सोनी सहित शीर्ष दस प्रतियोगियों ने अपने पसंदीदा कार्टून चरित्र छोटा भीम और लिटिल सिंघम के साथ मस्ती की जो क्रिसमस स्पेशल एपिसोड के लिए शो में आए थे।

# कैटरीना कैफ ने दी सलमान खान को जन्मदिन की बधाई

मंगलवार को अपना जन्मदिन मनाए अभिनेता सलमान खान के लिए जन्मदिन की शुभकामनाओं की बारिश हो रही। लगभग पूरे बी–टाउन ने उनके आधी रात के जन्मदिन की पार्टी में भाग लिया। यह पार्टी पनवेल फार्महाउस में रखी गई थी।

कैटरीना कैफ, जो पहले सलमान को डेट कर चुकी हैं, ने भी अपने इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन में सलमान को जन्मदिन की शुभकामनाएं भेजीं।

सलमान को ओजी (मूल गैंगस्टर) कहते हुए, कटरीना ने बाइक पर बैठे सलमान की एक मोनोक्रेमैटिक तस्वीर साझा की। अभिनेत्री ने सलमान खान को बधाई देते हुए लिखा, टाइगर, टाइगर, टाइगर को जन्मदिन की बधाई। सलमान खान हैशटैग



ओजी। कैटरीना और सलमान ने 2000 के दशक में डेट किया और साथ में कई फिल्में कीं।

दोनों 2009 के आसपास तक साथ रहे जिसके बाद कैटरीना ने रणबीर कपूर को डेट किया। वहीं वर्तमान की बात करें तो कैटरीना कैफ ने विक्की कौशल से शादी कर चुकी हैं।

# सिल्वर कलर के लहंगे में प्रिंसेस सी नजर आईं हिना खान

एक्ट्रेस हिना खान सोशल मीडिया पर अपनी आउटफिट से कहर बरपाने का हुनर बखूबी जानती हैं। वहीं, सिल्वर कलर के लहंगे में हिना खान की ग्लैमरस तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। हिना खान का ये लुक देखकर कोई उन्हें परी बता रहा है तो कोई उन्हें प्रिंसेस बता रहा है। एक्ट्रेस हिना खान ने अपने लेटेस्ट आउटफिट में ग्लैमरस तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। हिना खान शिमरी लहंगे के साथ डीपनेक चोली में अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेर रही हैं। ग्लॉसी मेकअप और ओपन कर्ल हेयर स्टाइल में एक्ट्रेस हिना खान गजब की बला लग रही हैं। स्पार्किंग लहंगे में देखकर फैंस उनकी खूबसूरती पर अपना दिल वार रहे हैं। हिना खान के फैंस उनकी एक झलक के लिए बेताब रहते हैं। सिल्वर कलर के आउटफिट के साथ एक्ट्रेस ने नेकलेस और क्राउन को कैरी कर रखा है। जिसमें वो एक प्रिंसेस सी नजर आ रही हैं। बिग बॉस फेम हिना खान ने बेहद कम समय में इंडस्ट्री में खास जगह बनाई है। हिना खान अपने



अलहदा अंदाज और खूबसूरती के लिए काफी पॉपुलर हैं। साथ ही वो अपने लुक्स के साथ एक्सपेरिमेंट करती रहती हैं। एक्ट्रेस हिना खान टीवी एक्टर शहीर शेख के साथ बारिश बन जाना गाना में नजर आ चुकी हैं।

**जयन्त**
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com